डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 82500. 10 ग्राम
₹ 104000 01 किलो
सेंसेक्स 75,301.26 +1,131.30
डॉलर 86.641 -0.049

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




चैत्र कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 19 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-152, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 थकान के कारण ब्राजील, उरुग्वे के...

## एक नजर

### खेलगांव हाउसिंग सोसायटी में मिला लेफ्टिनेंट कर्नल का शव



**रांची।** राजधानी के खेलगांव थाना क्षेत्र के होटवार स्थित खेलगांव हाउसिंग सोसायटी परिसर में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर कुमार के रूप में हुई है। वे दीपाटोली कैंट में पोस्टेड थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर द्वारा छत से कूदने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछले कई दिनों से लेफ्टिनेंट कर्नल निजी कारणों से चिंतित थे। परिजनों ने बताया कि पिछले एक साल से उनका इलाज चल रहा था। उनकी एक आदत थी कि **शेष पेज 11 पर**

## राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया स्थल निरीक्षण, दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी 19 एवं 20 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव की सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से गोसाईं बाग मैदान, बाबा बंशीधर मंदिर परिसर एवं अस्थायी हेलीपैड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों के19 पदाधिकारियों को आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा आगमन और महोत्सव के उद्घाटन को लेकर प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- अस्थायी हेलीपैड और मंच निर्माण
- वीवीआईपी आगमन एवं प्रवेश मार्ग की व्यवस्था
- आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल और शौचालय की सुविधा
- स्वास्थ्य सेवाओं, ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन
- सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था

निरीक्षण के बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सर्किट हाउस में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, जिला नजरत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री बाबा बंशीधर मंदिर में करेंगे पूजा-अर्चना

महोत्सव के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पर्यटन मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। माननीय मुख्यमंत्री बाबा बंशीधर मंदिर में राधा-कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा का विधिवत पूजन करेंगे। इसे लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए।

महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# बीआरसी कार्यालय में सुरक्षा प्रहरी की तेज धारदार हथियार से हत्या

- कार्यालय के छत से पुलिस ने की शव बरामद
- पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बीआरसी कार्यालय में ऑन ड्यूटी सुरक्षा प्रहरी रामदेव ठाकुर (52 वर्ष) की शव को पुलिस ने मंगलवार की सुबह बरामद की है। मृतक रामदेव ठाकुर उर्फ सीताराम ठाकुर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सदाजल गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार रामदेव ठाकुर सोमवार की शाम ब्लॉक रोड स्थित उत्तर कोयल सिंचाई विभाग परिसर में बीआरसी कार्यालय में ड्यूटी पर आया था। मंगलवार की सुबह जब वह घर नहीं लौटा तो उसके घर वालों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया। संपर्क नहीं होने पर मृतक का बेटा गौतम ठाकुर मंगलवार की सुबह कार्यालय पहुंच कर देखा तो मेन गेट अंदर से बंद था। उसने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर कार्यालय के पीछे से किसी तरह अंदर जाकर देखा, तो उसके पिता रूम **शेष पेज 11 पर**



### पुत्र ने अज्ञातों पर करायी प्राथमिकी

**हुसैनाबाद।** बीआरसी कार्यालय का सुरक्षा प्रहरी रामदेव ठाकुर उर्फ सीताराम के हत्या मामले में थाना क्षेत्र के सदाजल गांव निवासी व मृतक के पुत्र गौतम कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अपने अनुसंधान में जॉच तेज कर दी है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की मृतक के पुत्र के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर हर बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही इस हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

### शीघ्र होगी गिरफ्तारी : एसडीपीओ

इस घटना को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने मृतक के परिजनों को आश्वस्त कराया की इस घटना में शामिल अपरधियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। पुलिस हर बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## विधानसभा में उठा सिरमटोली फ्लाईओवर का मामला, सीएम हेमंत सोरेन ने कहा-

# चिंता की बात नहीं, बढ़िया से मनेगा सरहुल

- ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक सीपी सिंह ने फ्लाईओवर मामले को सदन में रखा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के 12वें दिन मंगलवार को ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली फ्लाईओवर मामले को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर को लेकर वहां के लोग आंदोलनरत हैं। भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर उनके साथ-साथ मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का पुतला फूंका गया। सरहुल में पूजा-अर्चना होती है, जहां हजारों लोग आते हैं। इसका समाधान जल्द किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से यह विषय मेरे पास आया है। चिंता की कोई बात नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा। विदित हो कि सरहुल पर्व झारखंड और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है। इसमें प्रकृति विशेषकर साल वृक्ष (सखुआ) की पूजा की जाती है। यह पर्व नए साल की शुरूआत का प्रतीक है।

# आधी आबादी के लिए अबुआ सरकार की क्रांतिकारी योजना मंईयां सम्मान योजना : कल्पना सोरेन

### विधानसभा का बजट सत्र

- रोकने के लिए चुनावी वर्ष में पीआइएल गैंग भी एक्टिव हो गया था
- किसी विभाग से पैसे की कटौती नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को महिला बाल विकास और एसटी-एससी अल्प संख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार आधी आबादी के लिए क्रांतिकारी योजना लाई है। 18 से 50 साल की महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि दी जा रही है। मंईयां सम्मान योजना को रोकने के लिए चुनावी वर्ष में पीआइएल गैंग भी एक्टिव हो गया था। उन्होंने कहा कि आज खाते में पैसा पहुंच रहा है, जिसके लिए किसी विभाग से पैसे की कटौती नहीं की गई है। 3.47 लाख एकड़ वन भूमि का पट्टा दिया जा रहा है। 594 छात्रावासों का काम शुरू हो चुका है। बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। आज महिलाओं को सुरक्षित वातावरण के साथ शिक्षा और रोजगार चाहिए, जिसे अबुआ सरकार पूरा करने का प्रयास कर रही है।



**25 लाख को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ :** कल्पना सोरेन ने कहा कि आज 25 लाख लोगों सर्वजन पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने 21 लाख लोगों को इसके लिए लाइन में खड़ा कर दिया था। वृद्धावस्था पेंशन में भारत सरकार 200 रुपए प्रतिमाह देती है, जबकि राज्य सरकार 1000 रुपए प्रतिमाह देती है। विधवा पेंशन में भारत सरकार 300 रुपए प्रतिमाह और राज्य सरकार 1000 रुपए देती है। वहीं, दिव्यांगों को भारत सरकार 300 रुपए और राज्य सरकार 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन देती है। भारत **शेष पेज 11 पर**

# एसीबी ने तमाड़ के प्रभारी बीएसओ को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

- 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने की शिकायत की गई थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को तमाड़ के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) अभिजीत चैल को दस हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। एक व्यक्ति की शिकायत पर उनकी गिरफ्तारी हुई है। एसीबी ने बताया कि तमाड़ थाना क्षेत्र निवासी धनंजय साहू ने इस संबंध में लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन में कहा गया है कि धनंजय साहू के पैतृक गांव परसा में उनके नाम से सरकारी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकान है। इस दुकान को ये वर्ष 1989 से संचालित करते आ रहे है। वर्तमान **शेष पेज 11 पर**

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज कल




## पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़

# सीआरपीएफ का जवान हुआ आईईडी विस्फोट में घायल

- प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के राधापोड़ा के जंगल में मंगलवार को नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में सीआरपीएफ 134 बटालियन के एसआई सुबोध कुमार आ गए। घायल एसआई को प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट के जरिए रांची भेजा गया। डाक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के अनुसार, आईईडी बम के विस्फोट में एक एसआई घायल हुआ है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। एसपी ने कहा कि पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, लेकिन पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। सर्च अभियान में भारी मात्रा में विस्फोटक **शेष पेज 11 पर**



## बर्थडे पार्टी में जा रहे लोगों पर हमला, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के लोटनिया निवासी अजीत कुमार गुप्ता ने गांव के लोगों पर जान से मारने की नियत से मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 13 मार्च को रात्रि 11:30 बजे उनके साथ उनके पिता मंगल साव व अन्य पांच लोग एक वाहन में बगल के बाघी गांव एक बर्थडे पार्टी में जा रहे थे। वह जैसे ही इकौनी गांव के पास पहुंचे। हाथ में टांगी लेकर रिंकू उपाध्याय गाड़ी के सामने खड़ा हो गया। गाड़ी रुकने के बाद जैसे ही सवार सभी लोग नीचे उतरे तो वह चोर चोर कहते हुए शोर मचाते हुए भागने लगा। इस बीच होलिका दहन कर लौट रहे सुभाष कुमार, सुनील चंद्रवंशी, सुदामा गिरी, शंकर गिरी सभी ग्राम इकौनी के साथ रिंकू उपाध्याय व 20-25 अज्ञात ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि वह चोर नहीं हैं। बर्थडे पार्टी में बाघी गांव जा रहे हैं। लौटानिया गांव के है। आरोप है कि पहचानने के बाद भी उनके साथ मारपीट की गई। खास कर मंगल साव को टारगेट कर पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आवेदन में कहा गया है कि किसी तरह बच कर अजीत कुमार गुप्ता व उनके साथ के लोगों ने मंगल साव को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया। चिकित्सक ने स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें राजा मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच रेफर कर दिया। मेदिनीनगर से भी रांची रेफर कर दिया गया है। उनका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि पिता मंगल साव को लेकर रांची जाने की वजह से वह तत्काल मामला दर्ज नहीं करा सके थे। लौटने के बाद आवेदन दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का धड़ल्ले से किया जा रहा उपयोग, विभाग मौन



**◀◀ सरना सुंदरीकरण का कार्य 24.74 लाख की लागत से हो रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों कल्याण विभाग द्वारा करोड़ की योजनाएं संचालित है। इसके तहत कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण, सुंदरीकरण का कार्य समेत सरना चाहरदीवारी निर्माण कार्य व सुंदरीकरण, धूमकुड़िया भवन का निर्माण कार्य की दर्जनों योजनाएं शामिल है। वर्तमान में पांकी प्रखंड के करार पंचायत के पुरुषोत्तमपुर गांव एक मामला सामने आया है। वहां सरना सुंदरीकरण के कार्य में धड़ल्ले से घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सुंदरीकरण के कार्य में अच्छे किस्म के ईंट की जगह घटिया व बेकार ईंट के टुकड़े से सोलिंग का कार्य किया गया है। इस कार्य में स्थानीय नदी से घटिया बालू का उपयोग करने के साथ मानक के अनुसार सीमेंट का भी उपयोग नहीं किया गया है। पीएससी की ढलाई भी मात्र 2 इंच के आस पास ही की गई है।

### ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाये सवाल

नाम नहीं बताने की शर्त पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गुणवत्ता को ताक पर रखकर केवल पैसे कमाने के उद्देश्य से कार्य जैसे तैसे पूरा किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बता दें कि पुरुषोत्तमपुर में सरना सुंदरीकरण का कार्य 24 लाख 74 हजार 400 रुपए की लागत से किया जा रहा है। स्थल पर न तो कहीं शीलापट्ट लगा है और न ही किसी तरह का बोर्ड लगाया गया है, जिससे लोगों को कार्य संबंधित स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही। इतना अनियमितता के बावजूद विभाग चुप्पी साधे है।

### जूनियर इंजीनियर को जांच का आदेश दिया गया है: डीब्ल्यूओ

इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। मामले की जानकारी मिलने के बाद जूनियर इंजीनियर को जांच का निर्देश दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### गर्मी बढ़ने के साथ खराब चापानलों की मरम्मत करने का काम तेज



**मोहम्मदगंज।** गर्मी के मौसम का प्रभाव बढ़ने के साथ पेयजल संकट से निपटने के लिए पेयजल व स्वच्छता मिशन का खराब चापानलों की मरम्मत करने को लेकर अभियान चलाया जाने लगा है। बताया गया कि फिलहाल, एक गाड़ी पर मिस्त्रियों के एक ही गैंग को इस काम में लगाया गया है। फरवरी में अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत मार्च के मध्य तक अभी 100 चापानलों की मरम्मती की जा चुकी है। विभागीय अधिकारियों अथवा कर्मियों को खराब पड़े चापानलों के संबंध में सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर मरम्मती गैंग वाहन से वहां पहुंच कर बिना देरी किए काम को पूरा कर देती है। इससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ता है। इस मामले में ग्रामीणों ने विभागीय सक्रियता को सराहनीय कदम बताया है।

## दो विद्यालयों के प्रभार में एक शिक्षक



**▶ पिछले 5 वर्षों से नहीं हुआ विद्यालय में रंग रोगन का कार्य**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। प्रखंड के पुरैनी मध्य विद्यालय व सरैया मध्य विद्यालय का प्रभार एक शिक्षक के भरोसे है। नतीजा यह है कि लगभग 5 वर्ष से ज्यादा अवधि के बाद भी विद्यालय का मेंटेनेंस तो दूर रंग रोगन का कार्य भी नहीं हो पाया है, इस कारण विद्यालय खंडहर सा प्रतीत हो रहा है। यही नहीं विद्यालय गैर उर्दू होने के बावजूद विद्यालय पर उर्दू विद्यालय नाम अभी भी साफ तौर पर अंकित है। इससे सरकार के निदेर्शों की भी अवहेलना हो रही है। शिक्षा विभाग के कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 के अक्टूबर-नवंबर माह में ही विद्यालय विकास की राशि आवंटित की गई है। इसके बाद प्रखंड के अन्य विद्यालयों में रंग रोगन का कार्य भी हो चुका है, लेकिन पिछले लगभग 5 वर्षों की बात करें तो पुरैनी मध्य विद्यालय का मेंटेनेंस नहीं होना कई सवालों को खड़ा कर रहा है। विद्यालय विकास की राशि आ रही है और किस कार्य में खर्च हो जा रहा है, यह जांच का विषय है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर वह लगातार प्रयास कर रहे हैं, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। शीघ्र ही वह संबंधित पदाधिकारी से संपर्क कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। इस संबंध में पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि एक शिक्षक दो विद्यालयों के प्रभार में नहीं रह सकते हैं। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## बराही धाम में मंगलवार को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के बराही धाम परिसर में मंगलवार को पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंगलवार को काफी संख्या में लोगों ने धाम स्थित 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी भगवान हनुमान की पूजा की। वैसे तो प्रतिदिन श्रद्धालुओं का यहां आना-जाना जारी रहता है। माता रानी व हनुमानजी का दर्शन करते हैं, लेकिन मंगलवार को अत्यधिक लोग पहुंचते हैं। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारा में काफी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि पिछले वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन जारी है। मंगलवार को स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर ट्रस्ट के सभी सदस्य व कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सीओ ने एनएच से अतिक्रमण हटाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से लेकर पुराना बस पड़ाव तक एनएच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के किनारे से मंगलवार को अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क पर खड़ा आठ मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना भेज दिया गया। सीओ सह बीडीओ ने कहा कि एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के कारण जाम लग जाता है। कड़ी चेतावनी देकर पूर्व में भी अतिक्रमण हटाया गया था। पुनः लोगों ने अतिक्रमण कर सड़क किनारे खुंटा खंभा गाड़ कर लोगों ने दुकान लगा दी। उन्होंने कहा कि वाहन मालिक रोड पर गाड़ी खड़ी नहीं करें। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी कि अगर इस बार दुकानदारों ने अतिक्रमण कर दुकानें लगाई तो उनकी उन पर एफआईआर दर्ज कराया जायेगा। मौके पर की सीआई अनीश कुमार, कर्मचारी विकास कुमार मिंज, श्रीकांत दास,एएसआई बंसत दुबे, संतोष कुमार साहू, सीएससी ऑपरेटर नवीन कुमार समेत एक दर्जन पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**हरिहरगंज।** शहर के बेलोदर स्थित कोमाकी बाइक शो रूम के समीप एनएच-139 पर 14 मार्च को कार व पिकअप की टक्कर में घायल युवक 21 वर्षीय सूरज कुमार सिंह की मौत हो गई। मृतक बेलोदर निवासी संजीत कुमार सिंह का पुत्र है। मालूम हो कि उक्त दुर्घटना में कार पर सवार पांच युवक घायल हो गए थे। इनमें सूरज की हालत अत्यंत नाजुक थी। सीएचसी में इलाज के बाद परिजनों ने उसे पटना के पारस हास्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती कराया था। बाद में उसे रांची रिम्स में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया।

## पंचायत सचिवालय में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर पश्चिमी ग्राम पंचायत की मुखिया शहनाज परवीन की ओर से पंचायत भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में प्रशिक्षु आईपीएस सह हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांशु शुक्ला हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्वप्रताप मालवा,एसआई अफजल अंसारी, जेएमएम नेता विवेकानंद सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, भाजपा नेता छठन पासवान, आनंदी पासवान, डॉ. अजय जायसवाल, सज्जू खान समेत पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर मुखिया शहनाज परवीन ने कहा कि इफ्तार पार्टी के आयोजन से एक दूसरे को समझने के साथ आपसी भाईचारा को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज में पर्व त्यौहारों के मौके पर एक दूसरे के घर या सार्वजनिक आयोजनों में जाने से सौहार्द्र को काफी बल मिलता है। एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने भी इस तरह के आयोजन दोनों को करने की आवश्यकता बताई।

## महिला सम्मान समारोह सह महिला सदस्यता अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** विश्रामपुर विधानसभा में महिला सम्मान समारोह सह महिला सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक , सुरेंद्रनाथ तिवारी, रेखा सिंह, विवेक शुक्ला, रामप्रवेश सिंह, मनोज चंद्रवंशी, मिट्ठू खान,यंग ब्रिगेड सेवा दल पलामू अध्यक्ष अरविंद



कुमार रवि सहित दर्जनों नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में रेखा सिंह व सुधीर चंद्रवंशी के आह्वान पर लगभग 500 महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। रेखा सिंह को महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना व आवास योजना से संबंधित प्रखंड कार्यालय से हो रही समस्याओं से अवगत कराया। सुधीर चंद्रवंशी, रेखा सिंह ने ग्रामीण विकास व उपायुक्त पलामू से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।

### मंईयां सम्मान की राशि खाता में नहीं आने से लाभुक परेशान

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में नहीं आने पर लाभुकों ने प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर जमकर बवाल काटा। प्रखंड के अलग अलग पंचायतों से भारी संख्या में महिलाओं ने प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर महिलाओं द्वारा मंईयां सम्मान योजना के राशि नहीं आने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन सौंप कर मंईयां सम्मान योजना की राशि अपने खाते में डलवाने की गुहार लगाई। लाभुकों का कहना है कि उनका डीबीटी चालू है और आधार भी खाते से लिंक्ड है। उसके बाद भी उनका मंईयां सम्मान योजना का राशि नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी का 5वां किश्त आ गया है और किसी का अब तक एक भी किश्त नहीं आया है। लाभुकों का कहना है कि जनवरी माह में मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन करवाया गया था, लेकिन उनके खाते में अब तक एक भी किश्त की राशि नहीं आया है। ज्ञानती देवी ने बताया कि उनका चार किश्त आने के बाद रोक दिया गया है। जब हम लोग प्रखंड विकास पदाधिकारी से इस बात का शिकायत करते हैं तो उनके द्वारा ई केवाईसी करवाने को कहा जाता है। पतीला गांव निवासी गुलाबसा खातून ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा यही बात कहा गया कि आप लोग अपने खाते में ई केवाईसी करवाएं और अगर हो गया हो तो आवेदन जमा कीजिए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि मंईयां सामान योजना के दो तरह के लाभुक आ रहे हैं, जिसमें कुछ लोगों का कहना है कि उनको अभी तक एक भी किश्त नहीं मिली है। कुछ लाभुकों का कहना है कि उनका कुछ किश्त मिलने के बाद पौसा रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि सारा मामला सरकार के संज्ञान में भी है। मौके पर ममता देवी, रानी देवी, प्रियंका देवी, चम्पा देवी, शीला देवी, प्रतिमा देवी, सरस्वती देवी, सोनी कुमारी, समरून बेगम, गुलाबशा निशा, सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## सेमरा में तरावीह की नमाज पढ़ी गई हाफिज को कमेटी ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के सेमरा गांव के जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज मुकम्मल पढ़ी गई। इस मौके पर कमेटी के द्वारा तरबीह के नमाज पढ़ाने वाले हाफिज व कारी मोहम्मद शाह रिजवी गढ़वा निवासी को पगड़ी पोशी, शॉल,व फूल माला देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के सदर जुबेर अंसारी ने कहा कि रमजान के महीने में दिनभर मुस्लिम हकीदतमंद लोग जिस प्रकार रोजा रखते हैं। शाम होते ही इफ्तार करते हैं। इसके बाद 20 रकात तरावीह की नमाज अदा करते हैं। हाफिज मोहम्मद शाह रिजवी पिछले तीन सालों से लगातार सेमरा जामा मस्जिद में 30 पर तरावीह की नमाज पढ़ते आ रहे हैं। इस वर्ष भी अपनी तबीयत खराब होने के बावजूद भी उन्होंने तराबी के नमाज मुकम्मल कराई। यह काबिले तारीफ है। वह इनाम व धर्म के प्रति जुनून का एक बेमिसाल नमूना पेश किया। उन्होंने हर मुसलमान को यह नसीहत दी की परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, वह अपने हक के रास्ते पर चले। उन्हें दुनिया में भी और आखिरत में भी कामयाबी मिलेगी। मौके पर कमेटी के सेक्रेटरी फारूक अंसारी, खजांची मुस्ताक अंसारी परवेज अंसारी, नायब सदर साबिर अंसारी हसीब अंसारी ,नायाब सेक्रेटरी सोहराब अली ,सदस्यों में कबीर मोहम्मद साहब ,हाफिज गयासुद्दीन साहब ,हकीम अंसारी, एजाज अहमद, आरिफ अंसारी ,लाल मोहम्मद अंसारी ,हसनैन अंसारी, मासूम अंसारी मकबूल अंसारी सफीक अंसारी ,फिरोज अंसारी, परवेज अंसारी ,हसामुद्दीन अंसारी, मोबिन ,आफताब ,मुमताज ,इमामुद्दीन ,अनवर ,नजमुद्दीन ,मंजर सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

### श्री रुद्र महायज्ञ व शिव महापुराण कथा 21 से

हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के झारखंड व बिहार सीमावर्ती क्षेत्र मुनगा गांव में देवाधिदेव महादेव की असीम कृपा से काशी के विद्वान संत आचार्यो के द्वारा 21 से 28 मार्च तक श्री रूद्र महायज्ञ व शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दिन के 3 बजे से 6: 30 बजे संध्याकाल तक होगी। तथा पूर्णाहुति 27 मार्च व भंडारा 28 मार्च को किया जाएगा। उक्त आयोजन औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के मां गजनाधाम मार्ग स्थित मुनगा मोड़ पर स्थित है। यह जानकारी आयोजन कर्ता गणेश दुबे ने दी हैं।

## चिंता

## काली मंदिर व शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का काम अधूरा छोड़ा

# श्रद्धालुओं की भावना हुई आहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र के पुरानी काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर को इस हाल में छोड़ देने से उनकी भावना को आघात पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण त्योहार में इसी हालत में पूजा-अर्चना होती रही है। ऐसा लगता है कि देवियों की पूजा के लिए महत्वपूर्ण चैत्र मास में भी माता काली की पूजा भी इसी हालत में करनी पड़ेगी। वर्तमान में इस मंदिर और शिव चबूतरे को सौंदर्यीकरण के नाम पर मात्र चहारदीवारी में कैद कर छोड़ दिया गया है। एकमात्र मुख्य द्वार पर गेट नहीं लगाने से मंदिर असुरक्षित होकर रह गया है। ऐसे में कुत्ते-बिल्ली समाकर मंदिर



की पवित्रता को भंग करते रहते हैं। इस मंदिर और शिव चबूतरे के प्लेटफॉर्म निर्माण की जद में आने से इनके अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा था। इसे देखते हुए अक्टूबर 2021 में श्रद्धालुओं ने डीआरएम से इसके सौंदर्यीकरण को लेकर गुहार लगाई थी। इसके बाद 4 साल बाद 2024 के अंतिम चरण में इस काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू तो कराया गया, मगर इसे आधा-अधूरा ही छोड़ दिया गया है। हालांकि अक्टूबर 2021 में स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीडीयू मंडल के डीआरएम को जब इस संबंध में ज्ञापन भिजवाया गया था, तब उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए थर्ड लाइन विस्तारीकरण, स्टेशन भवन व प्लेटफॉर्म निर्माण में लगी आरवीएनएल को इस दिशा में काम करने का निर्देश तभी दिया था। जिसके आलोक में आरवीएनएल के अधिकारियों ने मंदिर स्थल पर पहुंचकर कार्य कराने के प्रति लोगों को आश्वस्त भी किया था। बावजूद इसके करीब 4 साल तक इसके लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी। जबकि इस बीच थर्ड लाइन के विस्तारीकरण के साथ ही आधुनिक स्टेशन भवन और प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा कर दिया गया था। धर्मप्रेमी रामजन्म राम और द्वारिका प्रसाद का कहना है कि इस मंदिर में मां काली से मांगी गई मुराद पूरी होती है। यही वजह है कि आसपास की बड़ी आबादी की आस्था हर खास पर्व-त्योहार पर उमड़ पड़ती है। धर्मप्रेमी हीरा लाल शर्मा, गौरीशंकर सिंह, नंदू राम, भिखारी राजवंशी, शंकर गुप्ता, जगत लाल, शिवलाल प्रसाद (पुजारी) सहित अन्य कई लोगों ने डीआरएम और आरवीएनएल के अधिकारियों से काली मंदिर और शिव चबूतरे के आधे-अधूरे काम को पूरा कराकर उनकी भावना का सम्मान करने का आग्रह किया है।

## फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन वृद्धि पर किसानों संग गोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** कृषि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन वृद्धि कराने को लेकर मंगलवार को हैदरनगर प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में किसानों के साथ प्रशिक्षक विरेन्द्र सिंह व एटीएम परवीन जहां ने गोष्ठी की है। उन्होंने बताया कि कनीय पौध संरक्षण पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के सभी पंचायतों में फसलों के गुणवत्ता के साथ उत्पादन बढ़ाने के लिये किसानों को लगातार जागरुक करने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण झारखंड में उन्नत तकनीकी से खेती करने के कई उपायों को भी साझा किया जा रहा है। इसके अलावा बीज उपचार, जैविक कीटनाशक दवाओं को ससमय प्रयोग के प्रति किसानों को जागरुक किया जा रहा है। इसमें रसायनिक खाद बीज के प्रयोग से पर्यावरण व खेती कार्य में दुष्प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में मुखिया जितेन्द्र सिंह, किसान सलाहकार समिति सदस्य अंकू सिंह राणा, किसान मित्र विरेन्द्र सिंह, अजय सिंह, वार्ड सदस्य बच्चन सिंह, किसान मनोज सिंह, सुधीर सिंह, अरविन्द सिंह, विनोद, सहित कई अन्य किसान शामिल थे।

### एसडीएम ने अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर किया जब्त

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलही घाटी तट से तीन बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा की गयी है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना के दुलही घाटी से अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह 2 से 3 बजे के बीच एसडीएम ने उक्त घाट पर पहुंच कर अवैध तरीके से उठाव कर रहे हैं तीन ट्रैक्टर को जब्त कर चैनपुर थाना को सौंप दिया है। इस संबंध में चैनपुर अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

# पलामू में पहली बार बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद, तीन गिरफ्तार

**8.89 लाख रुपये नकद और नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए तस्कर**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना पुलिस ने सोमवार रात मंगरदाहा घाटी में चेकिंग अभियान के दौरान 710 ग्राम ब्राउन शुगर और 8.89 लाख रुपये नकद के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में गढ़वा निवासी मनीष कुमार (22), हुसैनाबाद निवासी मो. तुफान राईन और गुमला निवासी चिराग कुमार सिंह (20) शामिल हैं। मंगलवार को एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा से तीन व्यक्ति कार में ब्राउन शुगर लेकर मेदिनीनगर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा व सीओ चंद्रशेखर कुणाल के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने कार रोकने की कोशिश की, तो उसमें सवार तीनों आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

**गिरफ्तारी और बरामदगी :** पुलिस तलाशी में कार के डैशबोर्ड से 300 ग्राम ब्राउन शुगर, मनीष कुमार के पास से 8.89 लाख रुपये नकद, और चिराग कुमार सिंह के बैग से 410.56 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री से जुड़े हैं। चिराग कुमार ने 410.56 ग्राम ब्राउन शुगर के बदले मनीष कुमार को नकद 8.89 लाख रुपये दिए थे।

यह पहली बार है जब पलामू जिले में इतनी बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर और नकदी बरामद हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस इलाके में नशे का नेटवर्क उत्तर प्रदेश और बिहार के तस्करों से जुड़ा हुआ है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह खेप कहां पहुंचाई जानी थी।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से सोने और चांदी जैसी धातुओं के आभूषण भी बरामद किए गए हैं, जिसमें 19.21 ग्राम सोने की चेन, 44.31 ग्राम चांदी, और दो सोने की अंगूठियां शामिल हैं। चैनपुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, बाबूलाल दुबे, रंजीत कुमार, अजय कुमार गुप्ता, रामचंद्र चौधरी, आनंद मसीह टोपनो और शीतल मुर्मू शामिल थे।

# पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन की पुरानी इमारत को हटाकर नए भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को जल्द से जल्द नक्शा तैयार कर सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही, टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने की भी घोषणा की गई है।



### महासचिव अजय कुमार पांडेय का संघर्ष रंग लाया

अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय लंबे समय से इस मांग को लेकर प्रयासरत थे। उनकी मेहनत अब सफल होती दिख रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नया भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं के कार्य करने की सुविधा और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह निर्णय संघ की एकता और हमारे सतत संघर्ष का परिणाम है।

पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि अधिवक्ताओं की कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए भवन का निर्माण जरूरी था। प्रशासन इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अधिवक्ताओं को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए। नया भवन उनके कार्यों को सुगम बनाएगा और न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित करेगा।

अधिवक्ता संघ ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव और उपायुक्त शशि रंजन के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया और इसे ऐतिहासिक कदम बताया।

# झारखंड-बिहार को जोड़ने वाले पुल की मांग, सांसद ने लोकसभा में उठाया मामला



**सांसद विष्णु दयाल राम ने अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को लेकर दिया सुझाव**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखंड और बिहार को जोड़ने वाले पुल निर्माण का मामला उठाया। उन्होंने पलामू जिले (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला और रोहतास जिले (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर के बीच सोन नदी पर अंतरराज्यीय पुल निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।

सांसद ने कहा कि इस पुल के बनने से झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच संपर्क बेहतर होगा, जिससे यात्रा का समय कम होगा और आवागमन सुगम बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में उद्योगों की कमी हो गई है, जिससे मजदूरों को बिहार और उत्तर प्रदेश में काम की तलाश में जाना पड़ता है। पुल बनने से न केवल स्थानीय व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास से गरीबों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

सांसद राम ने कहा कि पुल निर्माण से बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों में जाम की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि इस पुल को अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत जल्द से जल्द स्वीकृत किया जाए, ताकि सीमावर्ती जिलों के लोगों को लाभ मिल सके।

### शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहादत दिवस 23 को

**मेदिनीनगर।** ईप्टा कार्यालय में बैठक कर 23 मार्च के शहादत दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। सुबह प्रभात फेरी और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा, जबकि शाम को अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम और डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन को लेकर 21 मार्च को विस्तृत बैठक होगी।

### शॉर्ट सर्किट से झुलसे मोहम्मद फिरोज, अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला निवासी मोहम्मद फिरोज (35) शॉर्ट सर्किट की चपेट में आकर झुलस गए। परिजनों के अनुसार, सोमवार रात जब वह अपने घर में बिजली सुधार रहे थे, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे उनका चेहरा झुलस गया। घटना के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों ने उन्हें एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# युगल किशोर बने महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष



**रामनवमी महोत्सव की तैयारियों पर हुई चर्चा**

**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की आम बैठक मंगलवार को कोयल नदी तट स्थित शिवाला घाट महावीर मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें युगल किशोर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष युगल किशोर ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव को भव्य तरीके से मनाया जाएगा और साज-सज्जा उत्कृष्ट होगी। उन्होंने पलामू जिलेवासियों से आयोजन में सहयोग की अपील की।

बैठक के बाद बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए महावीर मंदिर पहुंचा। वहां युगल किशोर ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। मौके पर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, गणेश गिरी, विशेश्वर गिरी, अरविंद अग्रवाल, बबलू गुप्ता, महेश तिवारी, प्रभात उदयपुरी, पंकज जायसवाल, पंकज शर्मा आदि मौजूद थे।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 10 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू

**दिल्ली ले जाए जा रहे बच्चों को बचाया, एक तस्कर गिरफ्तार**

**मेदिनीनगर।** मानव तस्करी रोकने की कार्रवाई के तहत आरपीएफ गढ़वा पोस्ट को बड़ी सफलता मिली। सोमवार रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 10 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया। बच्चों को दिल्ली की कूलर फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जाया जा रहा था। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के निर्देश पर उपनिरीक्षक वीर प्रताप सिंह व उनकी टीम गश्त कर रही थी। प्लेटफार्म नंबर एक पर बच्चों के एक समूह के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। पूछताछ में पता चला कि पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के लोहरसी निवासी नौशाद आलम (38) प्रत्येक बच्चे को 9000 रुपये मासिक वेतन दिलाने के बहाने दिल्ली ले जा रहा था। उसके पास बच्चों के अभिभावकों की सहमति संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिसके बाद मानव तस्करी का मामला मानते हुए सभी को रेस्क्यू किया गया। बचाए गए बच्चों में तीन लातेहार और सात पलामू जिले के हैं। मामले में आहतू थाना मेदिनीनगर में एफआईआर दर्ज की गई है।

# एमकेडीएवी में दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



**परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी और अनुशासन का पालन**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस केंद्र पर विभिन्न विद्यालयों के 870 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 863 उपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन कड़े नियमों और आईपी कैमरों की निगरानी में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किया गया। सीबीएसई के पलामू एवं गढ़वा जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर और एमकेडीएवी के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ आयोजित की गई। उन्होंने सभी हितधारकों, विद्यालय कर्मचारियों, जिला प्रशासन और पुलिस बल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपना समय व्यर्थ न करें और आगे की परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं। साथ ही, बताया कि एमकेडीएवी में 11वीं कक्षा के लिए प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रैल से शुरू होगी।

# गर्मी बढ़ते ही फ्रीज, कूलर और एसी की मांग तेज, दामों में 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे ही बाजारों में फ्रीज, कूलर और एसी की मांग तेज हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस बार कंपनियों के कूलर की बिक्री में 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले साल की तुलना में इस बार कूलर की कीमत 500 रुपये और पंखे की कीमत 200 रुपये तक बढ़ गई है, जबकि फ्रीज की कीमतें 500 से 1000 रुपये तक बढ़ी हैं।




मार्च का आधा महीना बीतते ही पलामू जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है। गर्मी से बचाव के लिए लोग कूलर, फ्रीज, एसी और पंखे खरीद रहे हैं। सीलिंग फैन की कीमतें 1450 से 3500 रुपये तक हैं, जबकि लोकल कंपनियों के पंखे 850 से 2000 रुपये तक उपलब्ध हैं।

बाजार में ब्रांडेड कंपनियों के कूलर 10 हजार रुपये से अधिक के दाम पर मिल रहे हैं, जबकि लोकल कूलर 3500 से 6500 रुपये तक बिक रहे हैं। कुछ उन्नत मॉडल 20 हजार रुपये तक के दामों में उपलब्ध हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजारों में जूस, आइसक्रीम, बर्फ के गोले, गन्ने के रस के ठेलों और दुकानों पर भीड़ बढ़ रही है। वहीं, खीरा, तरबूज, टमाटर और नींबू की मांग में भी इजाफा हुआ है।

इस बार बाजार में नए डिजाइन और फीचर्स वाले कूलर, फ्रीज और एयर कंडिशनर उपलब्ध हैं। प्लास्टिक बॉडी के कूलर और छोटे फ्रिज की मांग ज्यादा देखी जा रही है। कूलर 6000 से 20 हजार रुपये, फ्रीज 11 हजार से 45 हजार रुपये और एसी 36 हजार से 60 हजार रुपये तक मिल रहे हैं। बाजार में लोहे, फाइबर और प्लास्टिक बॉडी वाले कूलर भी उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं।

### बोलेरो की टक्कर से टेम्पो पलटा, कई यात्री घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में बोलेरो की टक्कर से एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों में नावा बाजार के बाना गांव निवासी विजय भुइयां (40) और उनकी पत्नी गुजरी देवी (30) के अलावा तरहसी के गुरहा की उरूण बीवी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा की मदद से घायलों को एमएमसीएच पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। गुजरी देवी ने बताया कि वह और उनके पति लेस्लीगंज से लौट रहे थे, जबकि उरूण बीवी डालटनगंज अपने रिश्तेदार के घर जा रही थीं। टेम्पो यात्रियों को लेकर पांकी से आ रहा था। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।

# जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन, बना प्रेरणादायक उदाहरण



**वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से दंत चिकित्सक दंपति का अनूठा प्रयास**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रयागराज निवासी दंत चिकित्सक दंपति चांदनी बाजपेई और रंजन बाजपेई ने अपने सुपुत्र यश बाजपेई का जन्मदिन एक अनोखे तरीके से मनाया। डालटनगंज के वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर इस विशेष दिन को खुशियों से भर दिया।

आमतौर पर लोग पारिवारिक उत्सवों को केक काटकर, डीजे पर नाचकर और बैलून सजाकर मनाते हैं, लेकिन बाजपेई दंपति ने समाज सेवा का मार्ग अपनाते हुए सौ जरूरतमंद बच्चों को भोजन ([पूरी, सब्जी, बुंदिया] के पैकेट) वितरित किए। इसके साथ ही, बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री ([कॉपियां, पेन, पेंसिल, रंग] आदि) बांटी गई, ताकि वे शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित हो सकें।

इस अवसर पर बच्चों ने यश को जन्मदिन की बधाई दी, जबकि बड़ों ने उसे आशीर्वाद दिया। यह पहल आधुनिक समाज के लिए एक संदेश है कि अपनी खुशियों को उन लोगों के साथ बांटना चाहिए, जिनके लिए अच्छा भोजन और वस्त्र अभी भी एक सपना है। कार्यक्रम में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की संध्या अग्रवाल, संजीवन अग्रवाल और सौभाग्य सृजन शर्मिला वर्मा समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रूस में झारखंड निवासी की मौत, पार्थिव शरीर भारत लाने की प्रक्रिया जारी

**सांसद के प्रयासों से विदेश मंत्रालय की तत्परता**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड निवासी रवि कुमार चौधरी की रूस के चेरपोवेट्स शहर में मौत हो गई। वह वहां एक कंपनी में कार्यरत थे। जो इस्टा कंट्रक्शन की साझेदार कंपनी है। संबंधित कंपनी ने 14 मार्च 2025 को उनकी पत्नी को निधन की सूचना दी। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने उनके परिवार से संपर्क किया है और कंपनी द्वारा नियुक्त अंतिम संस्कार एजेंसी के साथ समन्वय कर रहा है।

कंपनी ने पार्थिव शरीर को भारत भेजने की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। दूतावास को सूचित किया गया है कि पार्थिव शरीर 17 मार्च 2025 को चेरपोवेट्स से मॉस्को लाया जा रहा है। 19 मार्च को अंतिम संस्कार एजेंसी आवश्यक दस्तावेजों के साथ दूतावास में मृत्यु पंजीकरण कराएगी। उम्मीद है कि पार्थिव शरीर 19 या 20 मार्च को भारत भेजा जाएगा। दूतावास इस प्रक्रिया में आवश्यक सभी सहायता प्रदान कर रहा है।

सांसद ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह शोक संतप्त परिवार के साथ हैं और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके प्रयासों से विदेश मंत्रालय तत्परता से कार्रवाई कर रहा है, ताकि पार्थिव शरीर जल्द से जल्द स्वदेश लाया जा सके।

## ईद की तैयारियों में जुटे लोग, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

# रमजान में बढ़ी सेवई की मांग, गुलजार हुए बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के मुख्य बाजारों में रमजान के चलते चहल-पहल तेज हो गई है। लोग रोजा इफ्तार के लिए जरूरी सामानों की खरीदारी के साथ-साथ ईद की तैयारियों में भी जुट गए हैं। खासतौर पर सेवई और लच्छे की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है।



कपड़ों की दुकानों में भी रौनक देखने को मिल रही है, जहां बच्चों के लिए आकर्षक परिधान, महिलाओं के लिए सलवार-सूट, सरारा, हिजाब और पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा की मांग बढ़ गई है। रोजेदारों के लिए खजूर, सेब, केले और तरबूज की बिक्री में भी तेजी आई है, जिससे फल व्यापारियों की आमदनी में इजाफा हुआ है। शाम होते ही बाजार खरीददारों से भर जाते हैं और देर रात तक गुलजार रहते हैं।

### सेवई की बढ़ी डिमांड, कई गुना बढ़ा उत्पादन

रमजान में सबसे अधिक मांग सेवई की हो रही है। बाजार में पटनिया सेवई सबसे ज्यादा पसंद की जा रही है, इसके अलावा लच्छा सेवई, शाही सेवई और रोस्टेड सेवई की भी अच्छी बिक्री हो रही है। इस बार सेवई की बिक्री में हर साल की तुलना में अधिक बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है। आम दिनों में जहां दो से तीन क्विंटल सेवई तैयार की जाती थी, वहीं रमजान के दौरान उत्पादन कई गुना बढ़ा दिया गया है।

दुकानदार मो. तबरेज ने बताया कि इस साल बाजार में छह से सात तरह की सेवइयां उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 100 से 400 रुपये प्रति किलो तक है। साथ ही, सेवई के गिफ्ट पैक की मांग भी बढ़ी है। खजूर के आधा किलो पैक 120 से 800 रुपये तक में बिक रहे हैं।

# बर्खास्त चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने डुमरी विधायक से लगाई गुहार, विस में मुद्दा उठाने व न्याय की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बर्खास्त किए गए 255 चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल डुमरी विधायक जयराम महतो से मिला। उन्होंने अपनी बहाली और सरकार द्वारा न्यायालय में अपील दायर करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि उनकी नियुक्ति 2018 और 2020 में हुई थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने विज्ञापन में पदों की संख्या और आरक्षण नियमों के पालन न होने के आधार पर इसे निरस्त कर दिया। इसके बाद, उपायुक्त ने बिना किसी नोटिस या स्पष्टीकरण के सभी 255 कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। बर्खास्त कर्मियों का कहना है कि उनकी नौकरी जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। कई कर्मियों ने बैंक से ऋण ले रखा है, जिसे चुकाने में वे असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ कर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठाने की कगार पर हैं।

**अन्य जिलों में भी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल :** बर्खास्त कर्मियों ने कहा कि इसी प्रक्रिया के तहत कोडरमा, खूंटी, लातेहार, रांची, बोकारो समेत कई जिलों में 5000 से अधिक चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति हुई थी। वहां भी पदों की संख्या और आरक्षण का स्पष्ट उल्लेख नहीं था, लेकिन सरकार ने अपील करने के बजाय पलामू के कर्मियों को बर्खास्त कर दिया, जिससे अन्य जिलों के कर्मियों का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने जयराम महतो से विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने और सरकार को न्यायालय में अपील करने के लिए बाध्य करने की मांग की। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका पर निर्णय आने तक बहाली प्रक्रिया रोकी जानी चाहिए।

# वन विभाग ने एक ट्रक खैर की लकड़ी जब्त की



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** वन विभाग ने मंगलवार को अवैध एक ट्रक खैर की लकड़ी को जब्त की है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि कुशवार गांव में लकड़ी माफिया द्वारा एक ट्रक खैर की लकड़ी बाहर ले जाने की तैयारी किया जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ट्रक को खैर की लकड़ी के साथ जब्त कर लिया। उस दौरान लकड़ी माफिया भागने में सफल रहे। मौके पर प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार, वनरक्षी तुषार कुमार, राजीव पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, अनुपम आदित्य, दयानंद कुमार, असलम अंसारी, शशिकांत कुमार, राहुल कुमार, विजय सिंह, विवेकानंद चौबे, ललन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बोर्ड पर लिखे प्रश्नों से छात्र दे रहे परीक्षा

- स्कूलों को नहीं मिला प्रश्न पत्र
- गुरु जी एप से प्रश्न पत्र डाउनलोड कर शिक्षक ले रहे परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** झारखंड के विद्यालय में पढ़ाई कर परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं का खस्ता हाल हो गया है। उन्हें प्रश्न पत्र भी नसीब नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों द्वारा ब्लैक बोर्ड पर उतारे गए प्रश्न पत्र ही उनके उत्तर पुस्तिका के लिए एक सहारा बन गया है। बिना प्रश्न पत्र के परीक्षा लेने से छात्र-छात्राओं के साथ ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। वर्ष 2025 में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से वर्ग एक से सातवीं तक ली जा रही परीक्षा को लेकर प्रखंड के किसी भी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस कारण छात्र-छात्राओं को किसी भी विषय की परीक्षा लिखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ जा रहा है। बताया जाता है कि गुरुजी एप के माध्यम सरकार की ओर से भेजे गए प्रश्न पत्र को सबसे पहले शिक्षकों द्वारा उसे ब्लैक बोर्ड पर उतारा जा रहा है। उसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा उसका उत्तर अपने अपने उत्तर पुस्तिका में दिया जा रहा है। इस बीच प्रश्न पत्र को ब्लैक बोर्ड पर उतारने में कम से कम आधे घंटे का समय बिना वहज के छात्र-छात्राओं का व्यतीत हो रहा है। मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के डंडई उत्तर हरिजन टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को इसी तरह से परीक्षा लिखते देखा गया। उक्त विद्यालय के सहायक शिक्षक विवेकानंद द्वारा वर्ग 3 के छात्र-छात्राओं के प्रश्न पत्र को सबसे पहले वर्ग कक्ष के ब्लैक बोर्ड पर उतारा गया। उसके बाद उसे देख छात्र छात्रा अपने उत्तर पुस्तिका में उक्त प्रश्नों का उत्तर लिख रही थी। विद्यालय में गणित विषय की परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि इससे पहले आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ था। विद्यालय के प्राचार्य अवकाश राम ने बताया कि विभाग की ओर से इस वर्ष प्रश्न पत्र नहीं भेजा गया है, जिस कारण बच्चों को प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि जी गुरुजी एप के माध्यम हम लोगों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया था। उससे ही डाउनलोड कर विद्यालय के सभी वर्ग कक्ष में उसे ब्लैक बोर्ड पर उतार कर बच्चों से परीक्षा ले रहे हैं। इसी तरह मध्य विद्यालय जरदे के प्राचार्य उदयकांत, प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला के प्राचार्य अमिताभ कुमार पांडेय, मध्य विद्यालय रारो के प्राचार्य आलोक कुमार यादव के विद्यायल में ऐसे ही परीक्षा ली जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बसकटिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सहायक शिक्षक संजय यादव 2:30 बजे विद्यालय में अनुपस्थित मिले। बीडीओ ने सहायक शिक्षक संजय यादव से विद्यालय में अनुपस्थित रहने का 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने कहा कि स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जायेगा।

### उपेंद्र बने कृष्ण गोशाला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष

**गढ़वा।** श्री कृष्ण गोशाला समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को श्रीराम लला मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता विनोद पाठक ने की। संचालन सचिव रमेश कुमार दीपक ने किया। बैठक में उपेंद्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गौशाला समिति के ट्रस्ट में रजिटर्ड कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद उर्फ पुतुल को तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वैसे सदस्य जो रजिस्टर्ड गौशाला ट्रस्ट के सदस्य हैं और बैठक में सूचना के बाद भी नहीं आते हैं, वैसे लोगों को समिति से विधि सम्मत हटाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में उपरोक्त के अलावा घनश्याम प्रसाद, सचिन अग्रवाल, मृत्युंजय कुमार, मनोज पटनायक, संतोष गुप्ता, भोला गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, मंतोष सहित अन्य मौजूद थे।

### कंचन बनी कसौधन महिला मंच की अध्यक्ष

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच के अध्यक्ष शोभा कश्यप के नेतृत्व में आम बैठक हुई। पुरानी बाजार रुकमणी साहू धर्मशाला में आयोजित बैठक में 23 मार्च को बंधन मैरेज हॉल में समाज द्वारा होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। मौके पर महिला टीम का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कमेटी में सर्वसम्मति से महिला मंच का अध्यक्ष कंचन कश्यप को बनाया गया। सचिव अर्चना कश्यप, उपाध्यक्ष नमिता कश्यप, कोषाध्यक्ष निधि कश्यप, संगठन मंत्री सीमा कश्यप, संरक्षक श्याम दुलारी कश्यप, शोभा कश्यप को बनाया गया। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे। युवा टीम के लिए हर्ष कश्यप को अध्यक्ष, सचिव अभिषेक कश्यप को बनाया गया।अध्यक्ष उमेश ने कहा कि समाज की महिलाएं जागरूक हो रही हैं। बैठक अपने हिसाब से कर रही हैं। आने वाला समय में हर सामाजिक क्षेत्र में इन लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता है। मौके पर ममता कश्यप, प्रीति कश्यप, मनोरमा कश्यप, कंचन कश्यप, सारिका कश्यप, सुनैना कश्यप, सोनी कश्यप, मोना कश्यप, चंचला कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### जंगल में आग नहीं लगाने की अपील

**सगमा।** वन संपदा को आग से बचाने के लिए वन विभाग का अनूठा पहल शुरू किया गया है। प्रचार वाहन से गीत के माध्यम से ग्रामीणों को जंगल में महुआ चुनने के दौरान आग नहीं लगाने की अपील की गई। बता दें कि महुआ चुनने के समय ग्रामीणों द्वारा पेड़ के नीचे आग लगा दी जाती है। उससे पूरा जंगल आग की चपेट में आ जात है। आग कभी-कभी विकराल रूप ले लेता है। उसे बुझाने में विभाग को मशक्कत करनी पड़ती है। आग से वन संपदा को नुकसान होता है। धुरकी वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आग की चपेट में पेड़ों के साथ वन्य जीव भी जल कर खाक हो जाते हैं। आग से बचने के लिए जंगली जानवर गांव की ओर रुख कर लेते हैं। उससे ग्रामीणों को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बताया कि आग लगाने वाले ग्रामीणों को चिन्हित कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आग नहीं लगाएं अन्यथा ग्रामीणों को जुर्माना के साथ 10 वर्ष तक कठोर कारावास की सजा भुगतना पड़ सकता है।

### प्रीमियर लीग का फाइनल 21 को

**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमें सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दो सेमीफाइनल मुकाबला खेला जायेगा। इसमें पहला मुकाबला परती कुशवानी बनाम बिजडीह टीम के बीच खेला जायेगा। दूसरा मुकाबला मेरौनी ए बनाम मेरौनी बी टीम के बीच खेला जायेगा। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष बिट्ठू सिंह ने दी। फाइनल मुकाबला 21 मार्च को खेला जायेगा। टूर्नामेंट के विजेता टीम को 51 हजार नकद ट्राफी, उप विजेता टीम को 31 हजार नकद व ट्राफी समाज सेवी पंकज सिंह द्वारा दिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रेफर



**रंका।** एनएच-343 गुलरिया ढोड़ा मोड़ के पास एक ट्रक द्वारा बाइक चालक को टक्कर मारने से तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीण ने बताया कि सुबह 11 बजे लिदीकंडा गांव से बाइक से तीन लोग गढ़वा जा रहे थे। इस दौरान वितरित दिशा से आ रहे एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार एहसान अंसारी 30 वर्ष, इकबाल अंसारी 26 वर्ष, रानी बीबी 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों खपरो पंचायत के लिदीकंडा गांव के बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद इस रास्ते से विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश चौधरी जा रहे थे, उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर तीनों को प्राथमिक उपचार के के लिए 108 एंबुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# चौकीदार पर पिता पुत्र से मारपीट करने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** ग्राम के चौकीदार कंहाई पासवान ने गांव के ही पिता व पुत्र को बुरी तरह पीट पीटकर कर घायल कर दिया है। प्रशासन द्वारा आरोपी कंहाई पासवान की गिरफ्तारी नहीं करने से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। थाना क्षेत्र के अमहर गांव में 14 मार्च को दो पक्षों में मारपीट में उपेन्द्र चंद्रवंशी 52 वर्ष, छोटू कुमार उर्फ प्रशांत 25 वर्ष (पिता पुत्र) बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों का श्री नारायण सुपर स्पेशिएलिटी मेदिनीनगर में डॉ. राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। उपेंद्र की हालत परिजनों ने नाजुक बताई है। 96 घंटा से उपेंद्र कोमा में अपने जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उपेंद्र चंद्रवंशी का पुत्र छोटू कुमार की हालत में सुधार हो रहा है। परिजनों के अनुसार 14 मार्च होली की शाम 6:30 बजे छोटू चंद्रवंशी अपने नये घर नहरी टोला अमहर से पुरानी बस्ती अमहर जा रहा था। इस बीच नहरी टोला के ही कंहाई पासवान चौकीदार बांकी नदी किनारे शिव मंदिर के पास पत्थर से ताबड़तोड़ हमला करने लगा। इस बीच मारपीट के दौरान कंहाई चौकीदार से पूछने पर बगल में खड़े राजमणि पासवान हाथ पकड़ लिया। कन्हाई चौकीदार मारपीट करता रहा। मारपीट के दौरान अवाज सुनकर बीच बचाव को करने पहुंचे छोटू के पिता उपेन्द्र चंद्रवंशी के उपर भी कंहाई चौकीदार, उसकी पत्नी, पुत्र मिलकर लाठी डंडा, पत्थर व धारदार हथियार से बेरहमी से पिटाइ कर घायल कर दिया है। मारपीट की घटना को लेकर तत्काल उपेंद्र चंद्रवंशी के पिता रामस्वरूप राम ने विशुनपुरा थाना पहुंच कर कंहाई पासवान, उसकी पत्नी मेत्री देवी, रोशन पासवान, छोटू पासवान, करिश्मा कुमारी, राजमुनी पासवान सभी के उपर लाठी डंडा व धारदार हथियार से मार कर बुरी तरह से जख्मी करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। चार दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर परिजन, ग्रामीण व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंच कर प्रशासन द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर काफी नाराजगी जताई है। नाराजगी व्यक्त करने वाले में अमहरखास पंचायत के मुखिया ललित नारायण सिंह, पंचायत समिति सदस्य भरदूल राम चंद्रवशी, समाज सेवी जितेंद्र सिंह, चुनमुन बियार, मनोज राम, मुकेश पासवान, सत्येंद्र चंद्रवंशी, मंडी चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, संतोष प्रसाद गुप्ता, नीरज कुमार, दिलु अंसारी, महेंद्र पासवान, दिलजान अंसारी, मनदीप राम, रामस्वरूप मेहता, योगेंद्र पासवान, संजय चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, महेश पासवान, दिनेश चंद्रवंशी ने प्रशासन से अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने व कंहाई पासवान को चौकीदारी पद से हटाने की मांग की है।

### सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित गांव में बांटी राहत सामग्री

**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन कैंप परिसर में मंगलवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। उस दौरान स्थानीय गरीब, किसान और ग्रामीणों के बीच दैनिक उपयोग की सामग्रियों का वितरण किया गया। कमांडेंट ने कहा कि क्षेत्र नक्सल मुक्त हो चुका है। लोग मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरत के अनुसार सीआरपीएफ हमेशा मदद के लिए तत्पर है। शिविर में किसानों के बीच उन्नत कृषि बीज, बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री, पानी टंकी, सोलर लैंप, मच्छरदानी समेत अन्य उपयोगी सामान प्रदान किए गए। साथ ही करमडीह और मंडल की फुटबॉल टीम के बीच मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। उक्त मैच में मंडल की टीम विजयी रही। मौके पर सहायक कमांडेंट मस्के हर्ष गौतम, मुखिया आशीष सिंह, बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रोजेदारों को इमानदारी से नमाज पढ़ना चाहिए: यासीन

**गढ़वा।** तैयबा क्लीनिक के वरिष्ठ डॉ. यासीन अंसारी ने पाक माह रमजान के मौके पर गढ़वा जिला वासियों को रमजान महीने की प्रमुख जानकारी साझा की है। उन्होंने इस्लाम धर्म मानने वाले हर मुसलमान मर्द औरत पर रोजा फर्ज बताया है। उन्होंने बताया कि हर रोजेदार को ईमानदारी और सच्चाई के साथ नमाज और कुरान पढ़ना चाहिए। रोजा रखने से पाचन तंत्र भी सही रहता है। इससे वजन भी कम होता है। हार्ट अटैक से बचाव जा सकता है। शरीर में जो जहरीले पदार्थ यानी टॉक्सिन बनती है, रोजा रखने से नष्ट हो जाती है। किडनी की भी सफाई होती है।

# बीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिए निर्देश



**डंडई।** बीडीओ देवलाल करमाली ने मंगलवार को विकास कार्यों की समीक्षा की। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजीत समीक्षा बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, 15वें वित्त के साथ अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने मनरेगा 15वें वित्त, अबुआ आवास सहित सभी तरह की योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय पर कार्य पूरा कराने का संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया। बीडीओ ने अभियंताओं को सिंचाई, नाली, जलमीनार निर्माण व चापानल की मरम्मति का काम प्राक्कलन के अनुसार धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा से संचालित डोभा, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सहायक अभियंता के साथ पंचायत सचिव को ताल मेल स्थापित कर काम करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधान लिपिक वीरेंद्र मांझी, बीपीओ रजन कुमार, सहायक अभियंता राहुल कुमार, पंचायत सचिव सुनील कुमार, नरेश ठाकुर, राजकुमार राम, रोजगार सेवक सुनील धर दुबे, प्रेमचंद वर्मा, बृजमोहन कुमार, संजीव कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अर्जुन कुमार, वीरेंद्र कुमार, रमाशंकर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रखंड में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ उप परियोजना निदेशक योगेंद्र नाथ सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम, प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मेला में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, प्रमार्थी फॉर्मर प्रोड्यूसर, एग्री विजन प्रोड्यूसर, सोनांचल आयुर्वेद सहित कई संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाए। प्रदर्शनी में लगभग 200 किसानों ने भाग लिया व अपने द्वारा उत्पादित फसलों को प्रदर्शित किया। मेला के दौरान उप परियोजना निदेशक, प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम, बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को उन्नत खेती, जैविक कृषि, नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उप परियोजना निदेशक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अवगत कराना, किसानी को जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इस अवसर पर 10 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया, जिससे वह अपनी भूमि की उर्वरता के अनुसार खेती कर सकें। इसके अलावा मेला में शामिल सभी किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार पांडेय ने किया। मौके पर किसान मित्र अनुज पाठक, सुनील राउत, पंचम साह, राजेंद्र यादव, सुनील राम, प्रेम यादव, रमेश राम, दीपक जायसवाल काफी संख्या में किसान शामिल थे।

### मुखिया ने किया छठ घाट का उद्घाटन

**रमना।** सिलीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी व उप मुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से 15 वें वित्त मद से निर्मित छठ घाट का मंगलवार को विधि विधान से पूजा कर, नारियल फोड़ कर उदघाटन किया। सिलीदाग पंचायत के गड़गड़वा नदी ही सबसे पुराना छठ घाट है, लेकिन इस घाट पर जगह का आभाव और विलुप्त होते इस बरसाती नदी के कारण लोग सुविधानुसार कृत्रिम तालाब का निर्माण कर इस पवित्र पूजा को करते थे। इस पंचायत के वीरकुंवर टोला के श्रद्धालु चतरी पहाड़ स्थित छोटा जगह में मोटर पंप द्वारा छठ पूजा करते थे, जिससे व्रतियों को काफी समस्या होती थी। इसके निदान के लिए मुखिया अनीता देवी ने छठ घाट की स्वीकृति दी।

## राजनीति

# झामुमो की बैठक में संगठन विस्तार के लिए प्रयास करने का संकल्प

## हेमंत सोरेने सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही: मिथिलेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में झामुमो को मजबूत करने और सदस्यता अभियान की समीक्षा के उद्देश्य से जिला संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को कल्याणपुर स्थित पूर्व मंत्री के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, मुख्य संयोजक तनवीर आलम समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री ने कहा कि संगठन का विस्तार हो रहा। हेमंत सोरेने सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही। बैठक में जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि कई स्थानों पर अधूरा सदस्यता रसीदे अब तक जमा नहीं की गई हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया गया कि सभी बची हुई रसीदों को शीघ्र जिला कार्यालय में जमा करें। साथ ही जिन बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन नहीं हुआ है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर उनकी पंजी जिला कार्यालय में जमा कराने का निर्णय लिया गया। संगठन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैठक में जिला कमेटी के विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों के नामों का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें शंभू राम को जिला अध्यक्ष, मो. शरीफ अंसारी को सचिव, चंदन जायसवाल को कोषाध्यक्ष, श्रवण सिंह खरवार को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति बनी। अब इन नामों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय कार्यालय भेजा जाएगा। वहां से अंतिम स्वीकृति प्राप्त होगी। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। सभी नेताओं ने आपसी एकता बनाए रखने और संगठन विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से संयोजक प्रमुख तनवीर आलम, धीरज दुबे, मनोज ठाकुर, वीरेंद्र साव, फरीद अंसारी, जवाहर पासवान, मेदिनी खान, परेश तिवारी, नसीम अख़्तर, डॉ. मकबूल खाँ, राजकिशोर यादव, रेखा चौबे, दीपमाला, धर्मराज पासवान, जानुल्ला अंसारी, मुखराम भारती, अजय उपाध्याय, निर्मल पासवान, रामचंद्र, सलीम जाफर, ज्योति लकड़ा, अनुज कुमार दुबे, संजय कुमार कास्कर, नीरज तिवारी, आशीष अग्रवाल, पुरण तिवारी, रोशन पाठक, नितेश सिंह, मनीष कमलापुरी, अंजलि गुप्ता, अराधना सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(विकास-शाखा)

### विज्ञापन

दिनांक 30.08.2022 को DMFT की शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में लोहरदगा जिले में UPSC/JPSC की तैयारी के उद्देश्य से जिला DMFT मद से Homi J Bhabha Coaching Centre वित civil services में निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य Specialist Teacher की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति की जानी है :–

| | |
|---|---|
| Specialist Teacher (For UPSC/JPSC coaching) | Consolidated pay of Rs. 36,000/- (Thirty six thousand) per month purely on contractual basis for a 10 month term. The term of contract appointment may be subsequently extend for a spell of 10 month each year depending upon performance. |
| | Total No of Post 01 (One) |

चयनित Specialist Teacher को सर्वप्रथम 10 माह के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा 10 माह के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोषजनक पाए जाने पर ही अगले 10 माह हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार द्वारा विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 के नाम से दिनांक 28.03.2025 तक स्पीड पोस्ट /निबंधित डाक के माध्यम से अपराहन् 05.00 बजे तक भेजा जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :– आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति से संबंधित योग्यता सहित विस्तृत जानकारी http://www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 348676 Lohardaga (24-25)_D

## कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार

### बन्दोबस्ती आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक)** के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– **26.03.2025** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **27.03.2025** एवं दिनांक– **28.03.2025** को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशि की राशि | वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कानी हाउस, लातेहार | 9500.00 | 9500.00 | 950.00 | 1000.00 |
| 02 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 569650.00 | 569650.00 | 57000.00 | 1000.00 |
| 03 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डाक। | 10778.00 | 10778.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 04 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया, तीन एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 266110.00 | 266110.00 | 26700.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 348709 (Urban Development) 24-25 (D)

## Government of Jharkhand
## Urban Development Department
Latehar Nagar Panchayat , Latehar

### e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/22/2024-25

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन मद से | | | | | | |
| 01 | 01/LNP/22 /2024-25 | वार्ड सं0 06 में सामुदायिक शैचालय से कल्लू सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2381900.00 | 47700.00 | 5000.00 | दो माह |
| 02 | 02/LNP/22 /2024-25 | वार्ड सं0 01 में किषमिष गुप्ता के बाउण्ड्री से राजेन्द्र उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1399000.00 | 28000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 03 | Date of Publication of Tender on website | | 20.03.2025 at 11:00 AM | | | |
| 04 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 05 | Date start of submission of bids | | 21.03.2025 at 10:00 am | | | |
| 06 | Last Date/Time of submission of bids | | 05.04.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 07 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 07.04.2025 upto 05:00 pm | | | |
| 08 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 09 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 10 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 348708 Urban Development (24-25)_D

# बीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बीडीओ राहुल देव ने की। बीडीओ ने मनरेगा के तहत आम बागवानी योजना प्रशासनिक स्वीकृति को लेकर रिकॉड तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड के विभिन्न पंचायत में किए जा रहे को कूप निर्माण को जल्द पूर्ण करने,अबुआ आवास में मजदूरों का डिमांड करने करने का निर्देश दिया। मापी पुस्तिका तैयार करते हुए पूर्ण योजनाओं को बंद करने को कहा। बीडीओ ने आवास प्लस के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभुको को जिओ टेक करने को कहा। बैठक में 15वें वित्त योजना की समीक्षा की गयी। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी,बीपीओ रामकुमार सिंह, एई मनोज कुमार,जेई सचिनदत्त शर्मा, पंचायत सचिव, मुखिया निर्मला देवी सहित मनरेगा कर्मी थे।

# मंईयां सम्मान की राशि खाता में नहीं आने से नाराज लाभुकों ने बीडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर कुंदा प्रखंड की सैकड़ों महिलाओं ने बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा को आवेदन दिया है। महिलाएं इस योजना के तहत राशि नहीं मिलने के कारण परेशान है। उन्होंने अपनी समस्या का समाधान करने के लिए बीडीओ से गुहार लगाई है। बता दें कि मंईयां योजना झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत राज्य की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का वादा किया गया है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि मंईयां सम्मान योजना की राशि भुगतान में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। सक्षम महिलाओं के खाते में योजना की राशि पहुंच चुकी है, जबकि मजदूरी करने वाली



महिलाओं को अभी तक यह राशि नहीं मिली है। इस मामला में कुंदा मुखिया ने कहा कि वह किसी भी परिस्थिति में योग्य और पात्र महिलाओं को इस योजना से वंचित नहीं होने देंगे। यदि कोई त्रुटि हुई होगी, तो वह इसकी जांच कर सुधार करने का प्रयास करेंगे। बीडीओ ने महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेने की बात कही है। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वह उनकी समस्या को चतरा उपायुक्त को अवगत कराकर समाधान करने का प्रयास करेंगे। आवेदन अनिता कुमारी,सरोज देवी, रश्मि कुमारी,चिंता देवी, संगीता कुमारी,निर्मला कुमारी, चांदनी कुमारी, रीना देवी,सुनैना कुमारी, रीता कुमारी,खुशबू कुमारी समेत सैकड़ों महिलाओं का हस्ताक्षर है।

## पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**प्रतापपुर (चतरा)।** जिले के हंटरगंगज प्रखंड अंतर्गत सोनपुरा से पांडेयपुरा आने के दौरान छोटे दास उर्फ उपेन्द्र दास की बाइक करमा मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गई। इससे बाईक चला रहे छोटे दास उर्फ उपेन्द्र दास की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को हंटरगंज अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्रथामिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए गया रेफर कर दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। मृतक प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत हरहद निवासी कारू दास का पुत्र था। दुर्घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## एचबीवाईसी सहिया मॉडयूल्स पर मिला प्रशिक्षण



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार से पांच दिवसीय एचबीवाईसी सहिया मॉड्यूल्स पर शहरी सहियाओं प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का विधिवत्त उद्घाटन सिविल सर्जन दिनेश कुमार ने फीता काटकर व दीप जला कर किया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से तीन दर्जन सहिया भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण में शामिल सहियाओं को प्रशिक्षण अनिता कुमारी व अशोक कुमार रजक द्वारा दिया जा रहा है। बताया गया कि सहिया को नवजात शिशु की देखभाल कैसे करें, शिशुओं को उनके माता द्वारा स्तनपान कराई जा रही है या नहीं इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि तीन, छह, नौ, 12 व 15 महीने के बच्चे को कैसे देखभाल करना है। इसकी भी विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। साथ ही साथ ही समय पर टीकाकरण करने व सरकारी कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने की भी जानकारी दिया जा रहा है। मौके पर डीपीसी उदय शरण, एनयूएचएम रश्मि दुबे,फार्मासिस्ट,एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।


## कार्यपालक दंडाधिकारी सिमरिया, जिला चतरा

### शपथ पत्र



मैं, ममता देवी उर्फ ममता कुमारी पति विवेक कुमार ग्राम+थाना-पत्थलगड़ा, जिला-चतरा (झारखंड) का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि शादी के पहले मेरा नाम ममता कुमारी था और शादी होने के बाद मेरा नाम ममता देवी हो गया। जबकि पेन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम ममता देवी (MAMTA DEVI) है। मैं ममता देवी (MAMTA DEVI) और ममता कुमारी (MAMTA KUMARI) अपने गांव घर, मोहल्ला में दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 218 दिनांक : 08/03/2025**


# उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त को अवगत कराया। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी समाधान का अश्वासन दिया। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान करने का निर्देश। जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदन मुख्य रूप से नियुक्ति, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा से संबंधी जुड़े



आवेदन था। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। शेष आवेदकों के समस्याओं का शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं का समाधान और शिकायतों के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# बस स्टैंड में यात्री सुविधा बहाल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** इंदिरा चौक के समीप स्थित बस स्टैंड में यात्री सुविधा नदारद है। प्रतिवर्ष चंदवा बस स्टैंड के नाम पर लाखों रुपया का राजस्व वसूलने वाला जिला परिषद यात्रियों के सुविधाओं के लिए कोई काम नहीं करता। ये बात भाजपा नेता रविराज ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से प्रतिवर्ष लाखों रुपए की वसूली होती है। चंदवा बस स्टैंड नाम मात्र का है। न यहां यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था है और न बस चालक, उपचालकों के लिए कोई व्यवस्था। बस स्टैंड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसकी सफाई की भी चिंता नहीं है। बस स्टैंड का इंट्री गेट भी संकीर्ण है, जिसपर बस स्टैंड होने का कोई साइन बोर्ड भी नहीं लगा है। यात्रियों के सुविधाओं के लिए दो-दो शौचालय तो बना है, लेकिन इसका उपयोग हो मुश्किल ही प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद विभाग को चाहिए कि यात्रियों के बैठने के लिए सुंदर और बड़ा यात्री शेड का निर्माण करें। बस स्टैंड के अंदर कैंटीन की व्यवस्था भी होना चाहिए। शौचालय ऐसा बनाया जाय कि सुविधाजनक युक्त हो। नियमित रूप से साफ सफाई के लिए सफाईकर्मी की बहाली की जाए।

## पत्रकार को पितृ शोक

**चतरा।** पत्रकार शिव शंकर ठाकुर के 95 वर्षीय पिता देवकीनंदन ठाकुर के निधन पर मंगलवार को सूचना जनसंपर्क कार्यालय परिसर में शोक सभा कर श्रद्धांजली दी गई। पत्रकार के पिता का निधन 15 मार्च को हो गया था। शोक सभा में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए इश्वर से प्रार्थना की।


## e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

### e-Procurement Notice
### (Short Notice)

Tender Ref. No.-22/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 17.03.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 11,59,600.00 | 02 Months |
| 2. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 24,99,800.00 | 02 Months |
| 3. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 21,72,100.00 | 02 Months |
| 4. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Chechnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 23,05,400.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 9,00,400.00 | 02 Months |
| 6. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 23,82,500.00 | 04 Months |
| 7. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 23,82,500.00 | 04 Months |
| 8. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 17,56,350.00 | 02 Months |
| 9. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 34,91,300.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28-03-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 09-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 348623 (Building) 24-25 (D)


## विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन ने जारी किए 247 हेल्पलाइन नंबर

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिला में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग का 247 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक तापमान के कारण ट्रांसफर्मर जलने व अधिक दबाव के कारण तार टूटने की समस्या अधिक होती है। इसके मद्देनजर उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि जिला में बिजली से संबंधित किसी भी समस्याओं का अविलंब निष्पादन किया जाए। बिजली विभाग से संबंधित उपभोक्ता, शिकायत निवारण व जिला में ट्रांसफर्मर को बदलनें की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त 247 हेल्पलाइन नंबर 8757710488 पर संपर्क किया जा सकता है।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर 22 को

**लातेहार।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व जीवन ज्योति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 मार्च को रेलवे स्टेशन क्षेत्र के मननचोटाग स्थित आदिम जनजातीय अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच, ऑपरेशन, लेंस, चश्मा, दवा, खिचड़ी की सुविधा प्रदान की जायेगी। इच्छुक रोगी रजिस्ट्रेशन के लिए 8294206399 व 87092 40985 पर संपर्क कर सकते हैं। मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड साथ लाने की अपील की गयी है. बीपी व शुगर तथा अन-?य कोई बीमारी हो तो उसकी जांच स-?वयं करा कर आने की अपील की गयी है। मरीजों को अपने साथ अपना दो फोटो, मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। जांच के लिए 10 बजे से स्टेशन रोड में स्थित आदिम जनजाति अस्पताल (कल्याण हॉस्पिटल) में पहुंचने की अपील की गई है।

# जल सहिया संघ की अध्यक्ष बनी विनीता सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ के तत्वावधान में जिला जल सहिया संघ शाखा चतरा की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रभारी अध्यक्ष विनीता सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष गायत्री देवी, प्रदेश महामंत्री रेशमा परवीन, प्रदेश मुख्य संरक्षक एतवारी महतो, रामगढ़ की जिलाध्यक्ष रेणु देवी आदि उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य चतरा जिले के पूर्व अध्यक्ष वंदना सिंह समेत कई पदाधिकारियों द्वारा पद से त्याग पत्र दिए जाने से हुए रिक्त पदों को लेकर हुई। इस दौरान पदाधिकारियों के चयन को लेकर जिले के सभी प्रखंडों से पहुंचे जल सहियाओं ने पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर चयन किया। जिलाध्यक्ष विनीता सिंह, उपाध्यक्ष काजल देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, संयुक्त मंत्री रीता देवी, संरक्षक मिथिलेश पांडेय, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह का चयन किया गया। मुख्य अतिथियों सह निर्वाचन पदाधिकारियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही दायित्व निर्वाह की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में जल सहिया लिमा देवी, नीलू देवी, अंजली देवी, कल्पना देवी, समीना खातून, रंजू कुमारी, सुनीता कुमारी, सीमा देवी, मोनिका देवी, सीता देवी, सविता देवी, कांति देवी, जयंती देवी, माला देवी, निर्मला देवी, सुलेखा देवी आदि उपस्थित थो।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार

खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 15/2023–24 (7th Call)

### आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (अंचलाधिकारी, लातेहार एवं उपायुक्त लातेहार द्वारा निर्गत), यदि रोजगार हेतु सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किये हों का प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 29.03.2025 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 01 का साईज– 10’ X 10’ | 50000.00 | 500.00 | 27.03.2025 |
| 02 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 02 का साईज– 10’ X 10’ | 50000.00 | 500.00 | 27.03.2025 |
| 03 | मंगलवार हाट बाजार में बाजार समिति कार्यालय के बगल में शिवपुरी रोड में अवस्थित दुकान दुकान सं0 03 का साईज– 10’ X 10’ | 50000.00 | 500.00 | 27.03.2025 |

नियम एवं शर्त्त–

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में 500.00 (पांच सौ) रू0 नगद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 28.03.2025 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
5. उपरोक्त दुकानों का आवंटन स्थानीय मत्स्य ब्रिकेताओं को किया जायेगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, लातेहार।**

PR 348707 Urban Development(24-25)D


# इंडिया | शोध का विषय है कछुओं का जलवायु ज्ञान और ओडिशा




सनातन संस्कृति में मान्यता है कि धरती का अस्तित्व कछुओं पर है और भारत में ओडिशा के समुद्री तट पर हर साल दुनिया की दुर्लभ प्रजाति के ओलिव रिडले कछुओं का कुछ ऐसा ही विलक्षण समागम होता है। हर साल वसंत में ओडिशा के समुद्र तट पर केंद्रपाड़ा जिले का गरियामाथा तट एक ऐसी घटना का साक्षी बनता है, जिसके रहस्य को सुलझाने के लिए दुनिया भर के पर्यावरणविद और पशु प्रेमी बेचैन हैं। हजारों किलोमीटर की यात्रा कर लाखों कछुए यहां अंडे देने के लिए आते हैं। मादा अंडे देकर फिर समुद्र यात्रा पर निकल जाती हैं। कोई 50 दिन बाद इन अंडों से निकले बच्चे उसी समुद्री मार्ग से फिर हजारों किलोमीटर दूर अपनी मां के पास चले जाते हैं। यही नहीं ये शिशु कछुए लगभग 30 साल बाद जब प्रजनन के योग्य होते हैं, तो ठीक उसी जगह पर अंडे देने के लिए आते हैं, जहां उनका जन्म हुआ था। आईयूसीएन रेड लिस्ट में सात जीवित समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से एक, ओलिव रिडले को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। वे अपने विशिष्ट प्रजनन पैटर्न और मानवीय गतिविधियों से बढ़ते खतरे के कारण संकटग्रस्त श्रेणी में हैं। ओलिव रिडले कछुए अपना सारा जीवन समुद्र और उससे सटी धरती पर बिताते हैं और इसीलिए वहां के मौसमी बदलाव से ये प्रभावित होते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन ने समुद्र और उसके जैविक जगत पर भीषण कुप्रभाव डाला है। धरती के बढ़ते तापमान से समुद्री जल भी अछूता नहीं है और गरम जल के कारण ओलिव रिडले कछुओं के नैसर्गिक पर्यावास और भोजन पर असर पड़ा है। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से समुद्री कछुओं को अंडे देने के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढना मुश्किल हो सकता है। सबसे बड़ी बात मौसम के बदलाव से कछुओं में लैंगिक असमानता भी उपज रही है। भ्रूण के विकास के दौरान तापमान यह निर्धारित करता है कि अंडे से नर कछुआ निकलेगा या मादा। उच्च तापमान के कारण मादा कछुआ अधिक पैदा होती हैं, जबकि नर कम तापमान के कारण। इसलिए



ओलिव रिडले के समुद्र तटों पर रेत के घरौंदे का तापमान बढ़ने से अंडे से निकले बच्चों का लिंग अनुपात लगभग पूरी तरह से मादा हो सकता है। नतीजतन, भविष्य में कछुओं को प्रजनन में समस्या हो सकती है। अद्भुत है कि ओलिव रिडले कछुए हजारों किलोमीटर की समुद्र यात्रा के दौरान भारत में ही गोवा, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश के समुद्री तटों से गुजरते हैं, लेकिन अपनी वंश-वृद्धि के लिए वे अपना आवास बनाने के लिए ओडिशा के समुद्र तटों की रेत को ही चुनते हैं। सनद रहे कि दुनिया भर में ओलिव रिडले कछुए के घरौंदे महज छह स्थानों पर ही पाए जाते हैं और इनमें से तीन स्थान ओडिशा में हैं। ये कछुए कोस्टारिका में दो व मेक्सिको में एक स्थान पर प्रजनन करते हैं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले का गरियामाथा समुद्री तट दुनिया का सबसे बड़ा प्रजनन-आशियाना है। इसके अलावा रूसिक्लया और देवी नदी के समुद्र में मिलनस्थल इन कछुओं के दो अन्य प्रिय स्थल हैं। एक मादा ओलिव रिडले एक बार में करीब डेढ़ सौ अंडे देती है। ये चमत्कारी कछुए हजारों किलोमीटर की यात्रा के बाद समुद्री तटों पर रेत खोदकर अंडे रखने की जगह बनाते हैं। इस प्रक्रिया को ‘मास नेस्टिंग या अरिबाडा’ कहते हैं। ये अंडे 60 दिनों में टूटते हैं और उनसे छोट-छोटे कछुए निकलते हैं। ये नन्हे जीव रेत पर घिसटते हुए समुद्र में उतर जाते हैं। एक लंबी यात्रा के लिए इस विश्वास के साथ कि वे वंश-वृद्धि के लिए फिर से ठीक इसी स्थान पर आएंगे-30 साल बाद। इस साल ओडिशा के तट पर कछुओं का आगमन कुछ देर से 5 मार्च की रात हुआ। एक रात में ही लगभग 78 हजार मादा कछुओं ने अपने घरौंदे बनाकर अंडे देना शुरू कर दिया। यह क्रम करीब दस दिन चलेगा। बदलते मौसम से तो कछुए परेशान हैं ही, इनको सबसे बड़ा नुकसान मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों से होता है। बीते चार महीनों में ओडिशा के वन विभाग ने 299 मछुआरों को नियम विरुद्ध प्रतिबंधित क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार भी किया। प्रतिबंधों के बावजूद श्रीलंका और थाईलैंड के ट्रॉलर, तो खुलेआम मछलियों के साथ ही कछुओं का शिकार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त ‘फेंगशुई’ के बढ़ते प्रचलन ने भी कछुओं की शामत ला दी है। बहुत से अध्ययन बता रहे हैं कि ओलिव रिडले की प्रजनन क्षमता और जीवित रह जाने वाले जीवों की संख्या हर साल घट रही है। कछुए पृथ्वी की पारिस्थितिकी के संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं, वैसे भी ओलिव रिडले कछुए प्रकृति की चमत्कारी नियामत हैं। अभी उनका रहस्य अनसुलझा है। मानवीय लापरवाही से यदि इस प्रजाति पर संकट आ गया, तो प्रकृति पर क्या विपदा आ सकती है? इसका किसी को अंदाजा नहीं है।

# सुखदेव भगत ने सदन में गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग उठाई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नई दिल्ली में चल रहे संसद के बजट सत्र में केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के लिए लाये गए अनुदानों की मांगों पर चर्चा में भाग लेकर अपनी बातों को प्रमुखता से रखते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लांसनायक परमवीर अल्बर्ट एक्का के जन्मस्थली जिला गुमला है जहां आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यहां रेलवे लाइन नहीं बना है। गुमला जिला में भगवान हनुमान का जन्म स्थान है, आदिवासियों को सबसे बड़ा धार्मिक स्थल सिरा सीता नाला है, महादेव का प्राचीन मंदिर टांगीनाथ है। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचित में भी आता है इसलिए लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन इसी वित्तीय वर्ष में बनाने की मांग को सांसद ने संसद में प्रमुखता से रखें। साथ ही रांची के इटकी में सबसे बड़ा यक्ष्मा आरोग्यशाला (ट्यूबरक्लोसिस) का अस्पताल है यहां के स्टेशन का फाटक को बंद कर दिया गया है जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए इटकी में फूट ओवरब्रिज बनाया जाए। लोहरदगा जिला के नागजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन पहले रूकता था। कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया था उसे फिर से चालू किया जाए। इसके अलावा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मोदी सरकार रेल में फेल है। 10 साल में 638 रेल दुर्घटनाएं हुई है। रेलवे में वर्कफोर्स की भारी कमी है। रेलवे में लाखों पद अभी भी खाली है बेहद अफसोस की बात है कि मोदी सरकार में रेलवे में रोजगार के अवसर को सीमित कर दी जा रही है। कैग(उअॠ) की रिपोर्ट में बताया गया कि मोदी सरकार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष का पैसा फुट मसाज, क्रॉकरी और फर्नीचर जैसे चीजों में खर्च किया जा रहा है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि छात्रों, सीनियर सिटीजन, खिलाड़ियों को पहले की तरह रेलवे में मिलने वाली सुविधा दिया जाए।



- ***सांसद ने इटकी में फुट ओवर ब्रिज बनाने , नगजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव फिर से चालू करने की मांग किए***
- ***सुखदेव भगत ने कहा कि छात्रों, सीनियर सिटीजन, खिलाड़ियों को पहले की तरह रेलवे में मिलने वाली सुविधा दिया जाए***

# डीसी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और मतदाता सूची से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। साथ ही निर्वाचन संबंधित सुझाव भी मांगे गए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, कोषागार पदाधिकारी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव व प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### क्रशर प्लांट के गोदाम से 45 लाख की चोरी

# तीन नाबालिग आरोपी निरुद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में एक क्रशर प्लांट के गोदाम में चोरी हुई, जिसमें लगभग 45 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरी की घटना 17 मार्च 2025 को रात करीब 9:15 बजे हुई थी। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है, जिन्होंने चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की।क्रशर मालिक जयनाथ साहू ने बताया कि मैं और क्रेशर प्लांट देखरेख कर्ता साजिद अंसारी क्रेशर परिसर कल्हेपाट पहुंचा तो देखा कि मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ एन 3630 में ट्रैक्टर का नया आइबिम तीन बोरा पाइप कलेम्पू लेकर दो लड़के मोटरसाइकिल में बैठे हुए थे. जबकि तीसरा लड़का गोदाम के तरफ था. उसी दौरान तीनो लड़का को पकड़ बारी बारी से पूछा गया तो तीनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व से चोरी कर रहें है। जबकि चोरी का सामान भड़गांव स्थित कबाड़ी दुकान ऐनुल अंसारी के पास बेचते हैं। मामले में सेन्हा थाना कांड संख्या 33/25 दर्ज कर चोरी घटना में संलिप्त नाबालिक आरोपियों को पुलिस ने निरुद्ध किया है। लड़कों ने बताया कि वे एक सप्ताह से चोरी कर रहे थे और चोरी का सामान भड़गांव स्थित एक कबाड़ी दुकान में बेचते थे। पुलिस ने चोरी का सामान, जिसमें ट्रैक्टर का आइबिम, होंडा जनरेटर, हाइड्रोलिक जैक, पाइप कलेम्पू और मोटरसाइकिल शामिल था, को जप्त कर लिया है। तीनों नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने सख्ती से कार्रवाई की और नाबालिग आरोपियों को निरुद्ध कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि वे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

### अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर कुडू पुलिस की बड़ी कारवाई

# कोयल नदी से बालू लदे 5 ट्रैक्टर जब्त, माफियाओं में खलबली

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने को लेकर कुडू थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के दोबा बरटोली कोयल नदी में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है। अभियान में थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई दिनेश कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कारवाई से बालू माफियाओं में खलबली मची हुई है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि सरकार के आदेश के बावजूद थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयल नदी सहित अन्य नदियों से बालू उठाव कर बेचा जा रहा है। बालू परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालक रात के अंधेरे में ही काफी तेज गति से चलाते हैं। उल्लेखनीय है कि बालू के अवैध खनन की वजह से कई गांव से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में टैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है, तीन चार बजे सुबह से ही तेज रफ़्तार ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट से घरों में सो रहे लोगों की नींद में खलल पड़ता है। वहीं इससे सड़क पर आते-जाते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टरों को थाना में रखा गया है। अग्रतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ किया गया है।



# कैरो बीओआई शाखा के अभद्र व्यवहार के खिलाफ ग्राहक गोलबंद




नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया कैरो शाखा में आये दिन बैंक कर्मियों द्वारा खाता धारकों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकत सुनने को मिलती है। जिसका जीता जागता उदाहरण मंगलवार को बैंक में देखने को मिला, जब एक खाता धारक बैंक ऑफ इंडिया में खाता केवाईसी कराने पंहुचा। बैंक में इन दिनों माइया सम्मना योजना की राशि निकालने को लेकर भीड़ लगी रहती है। खाता धारक के द्वारा केवाईसी का फॉर्म दिए जाने पर बैंक कर्मियों के द्वारा अभी केवाईसी नही होगा बैंक से बाहर जाओ पुनः निवेदन करने पर उसका फॉर्म फाड़ते हुए बैंक का ग्रिल बंद कर मार पीट एवं धक्का मुक्की करते हुए बैंक से बाहर कर दिया। जिसे देखते हुए वहा पर मौजूद दर्जनों महिला पुरुष खाता धारकों ने बैंक कर्मियों के द्वारा मार पिट व अभद्र व्यवहार के खिलाफ एक जुट होकर विरोध करते हुए प्रखंड व थाना पहुँच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी से मिलकर लिखित आवेदन देकर करवाई करने की गुहार लगाई। लिखित आवेदन में कहा गया है कि बैंक ऑफ इंडिया कैरो शाखा में कर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। केवाईसी कराने को लेकर महीनों चक्कर लगाना पड़ रहा है। कभी भी समय पर काम नही होता है। लिखित आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से आशीष उरांव, मुस्ताक अंसारी, रकीब खान, एजाज खान, तारा देवी, मंगरी देवी, बिना देवी, कमला कुमारी, चंचला, फुलमनी उरांव, लक्ष्मी कुमारी उरांव, प्रदीप उरांव आदि शामिल हैं।

## कैरो में बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**कैरो / लोहरदगा।** विधुत विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर रांची के पत्रांक 30/ए पी टी के अनुपालन के तहत मंगलवार को विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विद्युत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान गुड़ी निवासी असगर अंसारी पिता सुधु अंसारी, जुलूस अंसारी पिता बरातू अंसारी, मनोज उरांव पिता झुगा उरांव, जोगिया उरांव पिता सन्नी उरांव, धानी उरांव पिता खदी उरांव, सहमा साहू पिता जनक साहू को अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करने का दोषी ठहराते हुए जुमार्ना की राशि तय करते हुए कैरो थाना में सभी के बिरुद्ध मामला दर्ज कराने की बात कही गई।

# झारखंड में पार्टी संगठन को व सशक्त बनाया जाएगा : धीरज प्रसाद साहू

### पूर्व रास सांसद ने पार्टी कार्यालय दिल्ली में किया प्रभारी के.राजू से मुलाकात की

हम गति के पथ में शामिल हो गए हैं, हम गति के झूठे देवता की पूजा कर रहे हैं। हम वरण और समय-बीमारी से पीड़ित हैं। अपनी सारी गति के बावजूद, हमने अपनी जीवंतता खो दी है, हम थक गए हैं और हमने अपना स्पर्श खो दिया है। लोग तर्क देते है कि हमें कम काम करने चाहिए ताकि हम उन्हें बेहतर तरीके से कर सकें। अल्बर्ट आइंस्टीन अंतरिक्ष में घूरते हुए युग बिताने के लिए प्रसिद्ध थे। विडंबना यह है कि उन्होंने पाया कि प्रकाश की गति स्थिर है, बहुत तेज, शायद सबसे तेज। उन्होंने सिखाया कि हमारे पास समय का केवल एक बोध है, क्योंकि हम इसे किसी और चीज से मापते हैं, जैसे सूर्य की गति, घड़ी की टिक-टिक, किसी चलती हुई वस्तु द्वारा तय की गई दूरी। समय का मापन हम नहीं करते है। ये दूसरी चीजें हैं जो समय को मापती है। अगर हम धीमे हो जाएं तो क्या होगा? हम फटेंगे नहीं। हम विस्फोटित नहीं होंगे। क्या होगा कि हम इन अन्य चीजों को उतना हासिल नहीं कर पाएंगे जितना हम चाहते थे। समय और गति समस्या नहीं हैं, यह वास्तव में इन अन्य चीजों से हमारी अपेक्षाएं हैं, वे चीजें जिन्हें हम समय में भरने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह सोचने के लिए समय निकालना चाहिए कि वास्तव में क्या महत्वपूर्ण है। यह परिणाम-उन्मुख समय है। कॉर्पोरेट सेक्टर की हर मीटिंग में इसी पर चर्चा होती है। हर महीने और साल के अंत में टारगेट तक पहुंचकर, व्यावसायिक सफलता मिल जाती है, लेकिन चेहरे की चमक कम पड़ जाती है। शरीर थक और पक जाता है। पारिवारिक जीवन में भी ऊब भर जाती है। परफॉर्मेंस के चक्कर में जीवन में जो बिखराव आता है, वह हौले-हौले हमारे अनमोल समय को त्रासदियों का अजायबघर बना डालते हैं। सवाल यह है कि हम हमेशा इतनी जल्दी में क्यों रहते हैं? समय की बीमारी का इलाज क्या है? क्या धीमा होना संभव है? निरंतर गति के लिए हम जो कीमत चुकाते हैं, उसकी भरपाई का कोई तरीका है? अब संसार में समय का पहिया उल्टी दिशा में घूमना शुरू हो गया है। दुनिया भर के लोग अपना समय वापस पाना चाह रहे हैं और वे गति को धीमा कर रहे हैं! अस्तित्व की अपनी गतिशीलता और क्रियाशीलता है, उसके समरूप रहकर ही जीवन का मजा है।

आज की बात



डॉ मयंक मुरारी

एक समय था, जब हमारे पास समय था, लेकिन भौतिक सुख सीमित थे। आज हमने आराम के लिए भौतिक पदार्थों की अनंत श्रृंखलाएं खड़ी कर दी। हमारे जीवन की रफ्तार इतनी तेज है कि हमारे वक्त का एक दिन की धार सालों पर भारी है। परंतु इन सब के बीच समय के गुल्लक में सुख के दो पल गायब है। आतुरत के दौर में इत्मीनान एक मृग-मरीचिका बनती जा रहा है। हम गति के युग में जी रहे हैं। हम अधिक कुशल होने के लिए प्रत्येक मिनट, प्रत्येक घंटे, प्रत्येक दिन में अधिक काम करने के लिए प्रयास करते हैं। आर्टिफिशियल इंटलीजेंस ने दुनिया को उच्च गियर में बदल दिया है। इस कारण समय के साथ हमारी गतिशीलता ने हमें एक टूटने के बिंदु पर धकेल दिया है। थकावट के कगार पर हम अपने शरीर और दिमाग से दूर होते जा रहे है, मानो शरीर पंचतत्वों का नहीं कृत्रिम पदार्थ की बना है। जीवन की गति नियंत्रण से बाहर हो रही है, लेकिन हम रूकने को तैयार नहीं है। फिर एक समय आता है, सुख और खुशी की असीम संभावना के बाद वह दो पल भी मयस्सर नहीं होता!

मनुष्य की अद्भुत विडंबना है। वह लंबे समय से सब कुछ पाना चाहता है और सब कुछ करना चाहता हैं। पैसा पहली आकांक्षा को रोकता है, और समय दूसरी को रोकता है। लेकिन मुझे लगता है कि समस्या समय नहीं है, बल्कि हमारी आकांक्षाएँ, हमारी महत्वाकांक्षा, हमारा लालच है। एक तरह से, हम अपना समय उस पर बर्बाद करते हैं जो हमारे पास नहीं है या जो हमने अभी तक नहीं किया है। हम जो पहले से ही है (या पहले से ही किया है) उसे पर्याप्त समय नहीं देते हैं या, इससे भी महत्वपूर्ण बात, पर्याप्त सम्मान नहीं देते हैं। एक उदाहरण देता हूं। जब भोजन की बात आती है, तो हम गटकते हैं, निगलते हैं और चले जाते हैं। हम खाने के मेज पर अंत तक पेट भरने के लिए दौड़ते हैं, ताकि (सबकुछ, जिसका अंत नहीं है ) कुछ छुटे नहीं। क्या हम अपने भोजन या उसके निर्माण में लगे लग्न या प्यार का सम्मान को महसूस करते है ! ब्रिटिश पत्रकार कार्ल ऑनेरी अपनी किताब " दी प्रेज ऑफ स्लोनेस" में कहते है कि हम साथ बिताए अपने समय का और इस समय में हम क्या हासिल कर सकते हैं, उसका सम्मान नहीं करते। दूसरी ओर तेज चलने और समय बचाने का हमारा जुनून हमें स्वाभाविक प्रकृति से दूसरी दिशा में ले जाता है। सड़क पर गुस्सा, हवाई यात्रा पर गुस्सा, खरीदारी पर गुस्सा, रिश्तों पर गुस्सा, दफ्तर पर गुस्सा, छुट्टी पर गुस्सा, जिम पर गुस्सा। गति के कारण, हम गुस्से के युग में जी रहे हैं। इसलिए धीमा होने की जरूरत है। संतुलन के साथ गतिशीलता का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सार्थक संबंध बनाने के लिए समय और शांति मिलती है - लोगों के साथ, संस्कृति के साथ, काम के साथ, प्रकृति के साथ, अपने शरीर और मन के साथ। " दी प्रेज ऑफ स्लोनेस" पुस्तक का संदेश धीमा होना या अपनी गति को नियंत्रित करना या इस क्षण में अपने लिए सही गति ढूंढना है। यह कहीं भी सुझाव नहीं देता है कि हमें वास्तव में रुक जाना चाहिए, सिवाय इसके कि यह ध्यान की चर्चा करता है।

मिलन कुंदेरा का "स्लोनेस" उपन्यास दुनिया के बारे में व्यक्ति की धारणा पर आधुनिकता के प्रभावों पर एक चिंतन है। इसमें प्रलोभन की दो कहानियाँ आपस में जुड़ती है और उदात्त एवं हास्य के बीच झूलती हैं। इस मुक्तिकामी कल्पना के अंतर्गत समकालीन जीवन पर एक गहन चिंतन है। धीमेपन और स्मृति के बीच गुप्त बंधन के बारे में, हमारे युग की भूलने की इच्छा और जिस तरह से हमने खुद को गति के दानव के हवाले कर दिया है। हमारे जीवन की हर अंतरंगता और हर खुशी महज एक खाली सतत शो मात्र है। इसका संदेश है कि धीमेपन और स्मृति के बीच, गति और भूलने के बीच एक गुप्त बंधन है...। धीमेपन की डिग्री स्मृति की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है। गति की डिग्री भूलने की तीव्रता के सीधे आनुपातिक है आनंद की शुद्ध खोज, भोगवाद में सुस्ती का अभाव है।

गति हमको उत्साह की एक बड़ी भावना दे सकती है। जीवन और संगीत में इसके लिए एक जगह है, लेकिन हमको एक सीमा खींचनी होगी, और हमेशा गति का उपयोग नहीं करना चाहिए। एक सर्वे के अनुसार अमेरिकन औसतन हर दिन एक कार के पहिये के पीछे बहत्तर मिनट बिताते हैं। एक सामान्य व्यावसायिक कार्यकारी हर साल अड़सठ घंटे मोबाइल होल्ड पर रहने के कारण खो देता है। और अमेरिकी वयस्क वर्तमान में औसतन केवल आधा घंटा प्रति सप्ताह प्यार करने के लिए समर्पित करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अब रुपये (₹) के चिह्न पर विवाद!

द्रविड़ मुनेत्र कषगम। इसके दो और नाम हैं। एक-द्रमुक और दूसरा डीएमके। कुछ लोग इसे द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम भी कहते हैं। द्रमुक अब तक हिन्दी थोपने के विरोध में और तमिल भाषा की पहचान को बचाने के लिए मुखर रही है। अब उसने रुपये के चिह्न (₹) को लेकर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि इस चिह्न में भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से दक्षिण भारतीय पहचान को उचित स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय मुद्रा के चिह्न (₹) को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की आपत्ति क्या वाकई भाषा से जुड़ा विवाद है, या फिर यह सिर्फ़ एक राजनीतिक रणनीति? इस सवाल के कई पहलू हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कुछ अन्य दक्षिण भारतीय दलों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी के "र" अक्षर से प्रेरित है, जो हिन्दी को प्राथमिकता देता है और अन्य भारतीय भाषाओं की अनदेखी करता है। हालांकि, इस चिह्न को डिजाइन करने वाले उदय कुमार धरणी (आईआईटी गुवाहाटी) का कहना था कि इसका डिजाइन देवनागरी "र" और रोमन "R" दोनों से प्रेरित है, ताकि भारतीय और वैश्विक पहचान का मिश्रण दिखाया जा सके। द्रविड़ मुनेत्र कषगम लंबे समय से हिन्दी थोपने के खिलाफ रही है। 1965 में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ तमिलनाडु में बड़े आंदोलन हुए थे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने पहले भी नीट, नई शिक्षा नीति और सरकारी नौकरियों में हिन्दी प्राथमिकता का विरोध किया है। अब रुपये के चिह्न को लेकर विवाद द्रमुक के उसी एजेंडे का विस्तार है। द्रमुक का मानना है कि (₹) चिह्न देवनागरी लिपि के "र" (रुपया) से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है, जबकि भारत की अन्य भाषाओं की उपेक्षा होती है। इस पार्टी और तमिलनाडु के कुछ अन्य संगठनों का तर्क है कि रुपये का चिह्न देवनागरी लिपि के "र" से प्रेरित है, जिससे हिन्दी को प्राथमिकता मिलती है और अन्य भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से द्रविड़ भाषाओं (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) को उपेक्षित किया गया है। उनका मानना है कि मुद्रा का चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भारतीय भाषाओं का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। दक्षिण भारतीय राज्यों में हिन्दी थोपने के खिलाफ पहले से ही एक मजबूत भावना मौजूद है और यह विवाद उसी का विस्तार माना जा सकता है। पार्टी का तर्क है कि भारत की मुद्रा का प्रतीक चिह्न ऐसा होना चाहिए, जो सभी भाषाओं और संस्कृतियों का समान रूप से प्रतिनिधित्व करे। इन दोलों का मानना है कि तमिल समेत दक्षिण भारतीय भाषाओं को केंद्रीय स्तर पर वह पहचान नहीं मिलती, जिसकी वे हकदार हैं।

अलग बात



डॉ. सत्यवान सौरभ

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अपनी नहीं, अपनों की सुरक्षा के लिए धीमे चलें

अपनों की मुस्कान बचाइए, रफ्तार को लगाम लगाइए

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं, तो एक जैसी दिल दहला देने वाली सुर्खियाँ हमारी आंखों के सामने से गुजरती हैं-"तेज़ रफ्तार कार ने फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कुचला", "बेकाबू बाइक ट्रक से भिड़ी, युवक ने मौके पर दम तोड़ा", "ओवरस्पीडिंग का कहर-सड़क हादसे में पूरा परिवार छिन गया" ये खबरें पढ़ते ही मन सिहर उठता है, दिल एक पल को ठहर जाता है। फिर हम चाय की चुस्की लेते हैं, और रोज़मर्रा की आपाधापी में फिर से गम हो जाते हैं। मगर क्या कभी ठहरकर सोचा कि जिनके घरों में ये खबरें मातम की सूरत में दाखिल होती हैं, उनकी दुनिया उसी पल वीरान हो जाती है? उनकी हँसी, उनके सपने, उनके अपने-सब कुछ एक लापरवाह रफ्तार की भेंट चढ़ जाते हैं। और जो बिछड़ गए, वे सरकारी कागज़ों में बस एक आँकड़ा बनकर सिमट जाते हैं।

आपकी बात



प्रो. आरके जैन

हमारी सड़कों पर गाड़ियाँ नहीं, बल्कि अहंकार की रेस चल रही है। कोई 100-120 की रफ्तार से कार को हवा में दौड़ा रहा है, तो कोई बाइक को आसमान छूने की ज़िद में जान जोखिम में डाल रहा है। सड़कें अब सड़कें नहीं, स्टंट का मैदान बन चुकी हैं, जहाँ हर शख्स खुद को हीरो साबित करने की जंग लड़ रहा है। ट्रैफिक सिग्नल? वो तो बस सड़क का मूक सजावटी सामान बनकर रह गया है। हॉर्न की ज़रूरत किसे? मगर एक्सीलेटर को दबाकर गाड़ी को रॉकेट में बदलने का जुनून हर गली-नुक्कड़ पर नज़र आता है। कोई इन बेकाबू सनकबाज़ों को बताए कि सड़कें कोई फिल्मी सेट नहीं, जहाँ स्टंटबाज़ी की तालियाँ बटोरी जाएँ। ज़िंदगी कोई वीडियो गेम भी नहीं, जहाँ क्रैश होने पर 'रिस्टार्ट' का बटन दब जाए। जो एक बार चला गया, वह लौटकर नहीं आता-न चेहरा, न मुस्कान, न उम्मीद। मगर यह सच्चाई शायद उन अहंकारी सड़क के 'शहंशाहों' को समझ नहीं आती, जो अपनी सनक में दूसरों की साँसों को कुचलने का हक़ समझ बैठते हैं।

तेज़ गाड़ी चलाने वाले खुद को 'फास्ट एंड फ्यूरियस' का सुपरस्टार समझते हैं, मगर हकीकत में वे अपनी नादानी और लापरवाही का तमाशा बनाते हैं। स्पीड ब्रेकर उनके लिए रुकने की चेतावनी नहीं, बल्कि एक्सीलेटर दबाकर उछाल मारने का मौका है। लाल बत्ती? उसे पार करना तो उनकी 'शान' की बात है, मानो हर सिग्नल उनकी बहादुरी का इम्तिहान ले रहा हो। हेलमेट और सीट बेल्ट? ये तो बस चालान से बचने का जुगाड़ हैं, जान की परवाह किसे! मगर क्या कभी इस 'रफ्तार के रोमांच' की कीमत पर गौर किया? एक पल की सनक में टूटते परिवार के अरमान, माँ की गोद में पड़ी बेटे की ठंडी लाश, बहन के हाथों में भाई की बुझी चिता की राख, या एक बच्चे की आँखों में पिता की याद बनकर सिमटा अनाथापन। क्या यही है उनकी बहादुरी का सबूत? सरकार हर साल सड़क सुरक्षा के ढोल पीटती है। सड़कों पर चमचमाते होर्डिंग्स चिल्लाते हैं-"सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा", "स्पीड ब्रेकर आपकी जान बचाने के लिए हैं", "गति को काबू करो, वरना ज़िंदगी हाथ से छूट जाएगी" मगर ये नारे कागज़ों और बोर्डों तक ही सिमटकर रह जाते हैं। सड़क पर खड़ा ट्रैफिक पुलिसकर्मी हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनने वालों को तो पकड़ लेता है, पर ओवरस्पीडिंग के शहंशाहों के आगे उसकी हिम्मत भी जवाब दे जाती है। कभी सुना है कि किसी रफ्तारबाज़ को सिर्फ तेज़ गाड़ी चलाने की सख्त सजा मिली हो? चालान काटा, जेब से कुछ नोट निकाले, और फिर वही रफ्तार का खेल शुरू। टीवी पर हादसे की खबर आती है, लोग दो मिनट अफसोस जताते हैं, और फिर मोबाइल स्क्रॉल करके अगला टाइमपास ढूंढ लेते हैं। सड़क पर पड़ा घायल इंसान मदद की गुहार लगाए, मगर लोग उसे बचाने की बजाय कैमरे निकालकर वीडियो बनाते हैं-सोशल मीडिया पर लाइक्स जो बटोरने हैं। यह कैसी बेरहम बेपरवाही है, जहाँ इंसानियत भी रफ्तार की बलि चढ़ गई? यह सवाल सिर्फ आपकी साँसों का नहीं, बल्कि उन बेकसूर ज़िंदगियों का है, जो सड़क पर हर कदम के साथ घर लौटने का भरोसा लिए चलते हैं। उन नन्हे बच्चों का, जो खिड़की से पिता की राह निहारते हैं, उन माँओं का, जो हर दुआ में बेटे की सलामती माँगती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

जंगल था, जंगल रहा, जीवन का एहसास।
यूं कहने को पास है, शब्दों का इतिहास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## ट्रंप प्रशासन के टैरिफ संबंधी निर्णय का भारत पर प्रभाव

अमेरिका में इस साल 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ली गई शपथ के उपरांत उनका प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा। ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि "टिट फोर टेट" एवं "रेसिप्रोकल" आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रैल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुकसान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेयरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराइल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।



देश की बात



प्रहलाद सबनानी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गरीबों और पिछड़ों का मसीहा है लालू परिवार : प्रभु नाथ यादव




**पटना(आईएएनएस)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव को 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इस मामले में अब राबड़ी देवी के भाई प्रभु नाथ यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने पीएम मोदी से भी सवाल किया है।

प्रभु नाथ यादव ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "प्रधानमंत्री मोदी को बताना चाहिए कि हमारे यहां से कितने लोग घोटाला करके उधर चले गए हैं। उनसे क्यों कोई पूछताछ नहीं होती? ये (लालू परिवार) तो गरीबों का मसीहा है, इसलिए उन्हें परेशान किया जाता है। जो बड़े-बड़े लोग हैं, जिन्होंने घोटाला किया है, उनसे क्यों पूछताछ नहीं की जाती।"

उन्होंने आगे कहा, "बिहार में चुनाव का समय है, इसलिए परेशान किया जा रहा है। कोलकाता से असम तक कई ऐसे नेता हैं, जिन्होंने घोटाला किया और फिर पाला बदल लिया। वो गंगा में नहा लिए, इसलिए उन्हें कुछ नहीं कहा गया, जबकि ये गरीबों और पिछड़ों के नेता हैं, इसी कारण उनको तंग किया जा रहा है।"

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव को 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया है। राबड़ी देवी ईडी के पटना स्थित कार्यालय पहुंची थीं।

राजद विधायक रणविजय साहू ने आईएएनएस से बात करते हुए ईडी द्वारा राबड़ी देवी को पूछताछ के लिए बुलाने पर कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव आ रहा है, यह तो होना ही था। उन्होंने कहा कि कभी ईडी की छापेमारी होगी, कभी समन आएगा, कभी इनकम टैक्स की रेड पड़ेगी। राष्ट्रीय जनता दल संघर्षों में विश्वास करता है। हम कानून और संविधान को मानने वाले लोग हैं। हम डरेंगे नहीं और डटकर मुकाबला करेंगे।

# 30 साल की चाची नाबालिग भतीजे के साथ हुई फरार

**पूर्वी चंपारण।** जिला में एक 30 साल की चाची अपने 18 साल के प्रेमी भतीजे के साथ फरार हो गयी।फरार महिला अपने साथ 3 बच्चों को भी लेकर चली गई है। इस घटना की जानकारी पति को तब लगी जब वह होली पर अपने घर आया,जिसके बाद परेशान पति ने थाने में आवेदन देकर पत्नी और तीनों बच्चों की घर वापसी की गुहार लगाई है।घटना पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दनही गांव का है। पीड़ित पति चुनमुन राम (35) ने बताया है,कि उनकी शादी 22 अप्रैल 2014 को हरसिद्धि थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी सुदामा राम की बेटी मनीषा देवी (30) से हुई थी। शादी के बाद दोनों के तीन बच्चे हुए और परिवार सामान्य तरीके से चल रहा था।2017 में मेरे पिता की मौत हो गई। जिस कारण मेरे ऊपर कर्ज हो गया। इस कारण मैं ज्यादातर समय बाहर रहकर कमाने लगा था। इसी बीच पत्नी और भतीजे आकाश कुमार (18) के प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। शुरुआत में मुझे शक नहीं हुआ, क्योंकि दोनों का रिश्ता चाची- भतीजे का था।अगस्त 2024 में मैं अपने घर आया। इस दौरान मनीषा लगातार फोन पर व्यस्त रहती थी। एक दिन मैंने अपनी आंखों से दोनों को एक कमरे में देख लिया। इसके बाद मैंने मनीषा को मायके भेज दिया। फिर मैं काम करने के लिए बाहर आ गया और तय किया कि होली के समय उसे वापस अपने साथ ले आएंगे। लेकिन होली पर जब मैं घर आया तो पता चला की मनीषा अपने प्रेमी आकाश के साथ भाग गई है। तीनों बच्चों को भी साथ ले गई है। इस मामले में पुलिस की डायल 112 सेवा ने जब मनीषा से फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि, तीनों बच्चे मेरे प्रेमी आकाश कुमार के हैं, न की मेरे पति के इसलिए मैं बच्चों को उन्हें किसी भी हाल में नहीं दूंगी। मैं अपने प्रेमी के साथ खुश हूं। मुझे अपने पति से कोई मतलब नहीं है। हरसिद्धि थाना अध्यक्ष सर्वेद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। शुभांक-3-5-7

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। शुभांक-2-5-7

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझने रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-8

# महाकुंभ आयोजन भगीरथ प्रयास, दुनिया ने देखी विविधता में एकता: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महाकुंभ के भव्य आयोजन की तुलना भगीरथ के धरती पर गंगा लाने से की। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट और विविध स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ का आयोजन हमें जल संरक्षण के महत्व का ध्यान कराता है और प्रेरणा देता है की कुंभ की भांति ही हम 'नदी उत्सव' मनाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से बहुत से अमृत निकले हैं। इसमें एकता का अमृत बहुत ही पवित्र प्रसाद है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। प्रयागराज में हमने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है। हमारा दायित्व है कि इस विशेषता का निमंत्रण समृद्ध होती रहे। मोदी ने कहा कि हमने करीब डेढ़ महीने तक भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा, असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए कोटि-कोटि श्रद्धालु श्रद्धा भाव से जुटे, ये हमारी बहुत बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपने संबोधन में महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि पिछले वर्ष राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने हमें यह आभास कराया कि देश अगले हजार वर्षों के लिए तैयार है। इस वर्ष महाकुंभ के आयोजन ने हमारी सोच को मजबूत किया कि देश की सामूहिक चेतना हमें हमारी क्षमताओं का एहसास कराती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन के माध्यम से देशवासियों, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश की जनता, प्रयागराज की जनता और देशभर से आए श्रद्धालुओं का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने मॉरीशस की यात्रा के दौरान कुंभ त्रिवेणी संगम के पवित्र जल को वहां गंगा तालाब में मिलाये जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में देश के हर क्षेत्र, हर कोने के लोग आए और अहं त्याग कर वयं के भाव से के साथ प्रयागराज में जुटे। उन्होंने इसे वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों से जोड़ा और कहा कि महाकुंभ इस दौर में एकजुटता का एक विराट प्रदर्शन था। यह हमारी ताकत है।

## जीआरएसई ने पूरा किया समुद्री परीक्षण

# भारतीय नौसेना में शामिल होंगे दो नए आधुनिक युद्धपोत

एजेंसी




**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को जल्द ही दो और आधुनिक युद्धपोत मिलने वाले हैं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस हिमगिरि और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अंद्रोथ का समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की है। दोनों युद्धपोतों ने तीन मार्च को कॉन्ट्रैक्टर सी ट्रायल (सीएसटी) पूरा किया, जो किसी भी जहाज के निर्माण की अंतिम प्रक्रिया मानी जाती है। आईएनएस हिमगिरि, प्रोजेक्ट 17-ए के तहत बनाए जा रहे युद्धपोतों में से एक है। इसका निर्माण जीआरएसई कर रहा है और यह छह हजार 670 टन के विस्थापन के साथ भारत में बना अब तक का सबसे बड़ा फ्रिगेट है। इस युद्धपोत को ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सर्फेस मिसाइलों के साथ-साथ बराक-8 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया गया है। इससे पहले, प्रोजेक्ट 17-ए का पहला फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने बनाया गया था, जिसे इस साल 15 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना में शामिल किया था। आईएनएस अंद्रोथ, आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट्स में से एक है, जिसे जीआरएसई तैयार कर रहा है। यह युद्धपोत छोटे आकार का है, लेकिन इसमें आधुनिक हथियारों से लैस शक्तिशाली क्षमताएं हैं। इसे तटीय इलाकों में पानी के अंदर छिपे खतरों का पता लगाने और नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। जीआरएसई के मुताबिक आईएनएस अर्नाला का भी परीक्षण पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही नौसेना को सौंप दिया जाएगा। इस युद्धपोत को रक्षा मंत्री पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया था, क्योंकि इसे 'सबसे शांत युद्धपोत' के रूप में डिजाइन किया गया था। आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस अंद्रोथ के समुद्री परीक्षणों के दौरान जीआरएसई, भारतीय नौसेना और विभिन्न मान्यता प्राप्त एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। संचालन क्षमता और ऑन बोर्ड सिस्टम का परीक्षण किया गया। इन सफल परीक्षणों के बाद दोनों युद्धपोतों को जल्द ही नौसेना को सौंप दिया जाएगा। जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी।

# लोकसभा में मोदी ने राम मंदिर को बताया भारतीय संस्कृति का प्रतीक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राममंदिर और प्रयागराज में हुए महाकुंभ पर बयान दिया। पीएम मोदी ने राम मंदिर और महाकुंभ का जिक्र करते हुए भारतीय संस्कृति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह एहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है।

> "आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ।"
> मोदी

पीएम मोदी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है और देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। उन्होंने कहा, "आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, यूपी की जनता विशेषतौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।

लोकसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं, गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास किया गया था, वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए।

# नफरत फैलाने, समाज में विभाजन पैदा करने के लिए दिए जा रहे भड़काऊ भाषण : माणिक राव

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नागपुर में सोमवार रात हुई हिंसा पर सियासत जारी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता माणिक राव ठाकरे ने कहा कि शासन से जुड़े हुए लोग ही दरार पैदा करेंगे, तो कैसे काम चलेगा? माणिक राव ठाकरे ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "महाराष्ट्र और पूरे देश में जिस तरह से राजनीति हो रही है, यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक समुदाय के भीतर नफरत फैलाने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए भड़काऊ भाषण दिए जा रहे हैं।

# औरंगजेब मकबरे विवाद के बीच अशांति बढ़ने पर नागपुर में बड़े समारोहों पर प्रतिबंध

एजेंसी



**नागपुर।** नागपुर में इन दिनों तनाव की स्थिति बनी हुई है। नागपुर के हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई और सोमवार देर रात कई घरों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। नागपुर में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच अशांति बढ़ गई। शहर में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब बजरंग दल के सदस्यों ने महल इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। जल्द ही कुरान के अपमान की अफवाह फैल गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और छह लोग तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए। इसके बाद गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें पवित्र ग्रंथ को जलाने का आरोप लगाया गया। ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात 10:30 से 11:30 बजे के बीच झड़प हुई और एक अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और घरों और एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की।

नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (यह मजिस्ट्रेटों को तत्काल मामलों में बाधा, मानव जीवन के लिए खतरा, सार्वजनिक अशांति या दंगों को रोकने के लिए तत्काल निवारक आदेश जारी करने का अधिकार देती है, और इसे व्यक्तियों, विशिष्ट क्षेत्रों या आम जनता पर निर्देशित किया जा सकता है) शहर में लागू कर दी गई है।

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने की शांति की अपील**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने क्षेत्र में शांति की अपील की और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। उन्होंने कहा, "महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस स्थिति को संभाल रही है...नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है जहां लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, जो हमेशा से नागपुर की परंपरा रही है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें।"

# भारत में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित : इकबाल सिंह लालपुरा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मंगलवार को कहा कि भारत ऐसा देश है, जहां अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं और उन्हें प्रगति के समान अवसर मिल रहे हैं।

इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि समाज की सेवा के लिए समर्पित वक्फ बोर्ड की संपत्ति का सही तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और अल्पसंख्यक समुदाय को भड़काए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित बताया और विपक्ष के नेताओं पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इस प्रकार की राजनीति करना बिल्कुल गलत है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने कहा, "हमारे देश में अल्पसंख्यक जितने सुरक्षित हैं, उतने किसी भी दूसरे देश में नहीं हैं। मैं देश के सभी अल्पसंख्यकों से यह कहना चाहता हूं कि उन्हें किसी प्रकार का डर या संकोच नहीं होना चाहिए।" नागपुर हिंसा के संदर्भ में लालपुरा ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है और कहा कि रिपोर्ट आने के बाद और स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद आवश्यक हुआ तो वह स्वयं वहां का दौरा करेंगे। उन्होंने सभी पक्षों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण तरीके से संयम बनाए रखें और आपसी भाईचारे को बढ़ावा दें। औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार का अधिकार है और इस पर कोई अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा पर मंगलवार को विधानसभा में बयान दिया।

# चार दशक पहले 24 दलितों को मारा था अब 3 दोषियों को हुई फांसी की सजा

**फिरोजाबाद ।** न्याय के लिए 44 साल के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक विशेष डकैती अदालत ने सनस नीखेज डिहुली गांव नरसंहार मामले में तीन दोषियों को मौत की सजा सुनाई, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि एक दोषी फरार है, पुलिस हिरासत में दो अन्य आज पहले अदालत में पेश हुए, और खुद को निर्दोष बताया। कथित तौर पर, 18 नवंबर 1981 की दुर्भाग्यपूर्ण शाम को, फिरोजाबाद के जसराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिहुली गांव की एससी कॉलोनी में सशस्त्र बदमाशों के एक समूह ने धावा बोल दिया और घरों में मौजूद पुरुषों, महिलाओं और यहां तक कि बच्चों पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी तीन घंटे तक लगातार जारी रही, जिसमें 23 लोग मौके पर ही मारे गए। एक अन्य पीड़ित ने फि रोजाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हत्या कां ड के बाद स्थानीय निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में तहरीर देकर राधे श्या म उर्फ राधे, कुंवरपाल और लक्ष्मी समे त 20 से ज्यादा लोगों पर आरोप लगाया था।

## नागपुर हिंसा पर तेज बढ़ी राजनीति

# नितेश ने अबू आज़मी को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी। महाराष्ट्र

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा शासित महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद का फायदा उठाकर विकास संबंधी अपनी उपलब्धियों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के निष्क्रिय रहने के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि जब उनके पास ताकत है तो वे कब्र को हटाने में असमर्थ हैं। ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व के रुख पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार कहती है कि वह औरंगजेब की मजार को नहीं हटा सकती क्योंकि यह केंद्र द्वारा संरक्षित है। तो फिर आप प्रधानमंत्री मोदी से क्यों नहीं कहते कि वे गुजरात में जन्मे औरंगजेब की मजार को हटा दें? उन्होंने भाजपा के इस दावे को भी चुनौती दी कि आरएसएस के गढ़ नागपुर में हिंदू असुरक्षित हैं। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय है, जो हिंदुओं का रक्षक होने का दावा करता है। वहां हिंदू कैसे खतरे में हो सकते हैं? अगर यह पहले से ही योजनाबद्ध घटना थी, तो आपका गृह मंत्रालय क्या कर रहा था? महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी को दोषी ठहराया है। उन्होंने दावा किया है कि यह घटना राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए पूर्व नियोजित थी। उन्होंने इस मुद्दे को शुरू किया और यह सरकार की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से हिंसा की एक पूर्व नियोजित कार्रवाई थी। उन्होंने हिंसा की निंदा की और इस बात पर ज़ोर दिया कि पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राणे ने प्रदर्शनकारियों से हिंसा का सहारा लेने के बजाय अपनी शिकायतें व्यक्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।




## मणिपुर बनाने की साजिश : आदित्य ठाकरे

**महाराष्ट्र ।** नागपुर हिंसा पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि भाजपा इस मामले में बेशर्म है क्योंकि यह घटना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गृहनगर में हुई है। दुख की बात है कि जब भाजपा शासन नहीं कर पाती है, तो वे हिंसा, दंगे का सहारा लेते हैं और हर राज्य में यही उनका तय फॉर्मूला है। अगर आप मणिपुर को देखें, तो वे महाराष्ट्र को भी यही बनाना चाहते हैं।

# तेलंगाना में ओबीसी के लिए 42% आरक्षण

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पिछड़ी जातियों के लिए शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में 42 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की, जिससे पिछड़ी जातियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई। रेड्डी ने घोषणा की कि कठोर वैज्ञानिक प्रयासों के आधार पर राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी 56.36 प्रतिशत है। आज, तेलंगाना विधानसभा के नेता के रूप में मुख्यमंत्री के रूप में मैं गंभीरता से घोषणा करता हूं कि हमारे लोगों के सबसे वैज्ञानिक, व्यवस्थित रूप से कठोर और कठिन प्रयासों के आधार पर, हम कह सकते हैं कि तेलंगाना में पिछड़ी जातियों की आबादी 56.36 प्रतिशत है।



विधानसभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री **नीतीश कुमार**

## पाक-अफगान सीमा विवाद

# फिर से खुलेगी तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग, दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति



**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर मंगलवार को खुलने जा रहा है। विवादित सीमा के करीब अफगान बलों की ओर से किए जा रहे निमार्ण कार्य को लेकर दोनों देशों के बीच पैदा हुए तनाव के कारण लगभग यह बॉर्डर क्रॉसिंग करीब महीने तक बंद रही। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम वार्ता के दूसरे दौर की बातचीत हुई। इस दौरान 21 फरवरी को बंद किए गए तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने का फैसला लिया गया। इस पहले 4 मार्च को तोरखम सीमा पर स्थिति काफी बिगड़ गई, जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए वार्ता नाकाम हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई। हिंसक झड़प में कई सशस्त्र बल कर्मियों और नागरिकों की मौत हो गई है।

# बांग्लादेश में चुनाव को लेकर उलझे राजनीतिक दल, चुनाव आयोग ने रखी अपनी राय



**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश चुनाव आयोग (ईसी) ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय चुनाव से पहले स्थानीय सरकार के चुनाव कराने से संसदीय चुनाव में देरी होगी। आयोग ने राष्ट्रीय और सभी स्थानीय सरकारों के चुनाव चार महीने की समय-सीमा के भीतर पूरे करने के प्रस्ताव का विरोध किया। आयोग ने तर्क दिया कि सिर्फ स्थानीय चुनाव पूरे होने में ही लगभग एक साल का समय लग जाता है क्योंकि ये चुनाव चरणों में होते हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को बांग्लादेश के राष्ट्रीय सहमति आयोग को अपनी राय भेजी, जिसमें चुनाव से संबंधित कई सुधार प्रस्तावों का विरोध किया गया। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद के हवाले से कहा, "अली रियाज (राष्ट्रीय सहमति आयोग के उपाध्यक्ष) को संबोधित करते हुए, हमने कुछ प्रस्तावों पर अलग-अलग विचार व्यक्त करते हुए अपनी राय भेजी है।

# सूडान शहर में आरएसएफ के हमले में सात लोगों की मौत, 43 लोग हुए घायल



**खार्तूम (आईएएनएस)।** सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमैन शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा की गई गोलाबारी में दो बच्चों समेत सात नागरिकों की मौत हो गई। राज्य के मीडिया कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रविवार को आरएसएफ द्वारा की गई लगातार गोलीबारी में 43 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में 4 से 12 साल की उम्र के 18 बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भेजा गया। ओमडुरमैन शहर में करारी इलाके के मोहल्लों को निशाना बनाकर की गई यह गोलाबारी उस समय हुई, जब स्वयंसेवकों की प्रार्थना के दौरान चौराहों पर बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे। ओमडुरमैन के अल-नाओ अस्पताल में एक पैरामेडिक ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अस्पताल में लाए गए ज्यादातर घायलों के अंगों में चोटें थीं, जो उड़ते हुए प्रोजेक्टाइल्स की वजह से लगीं।

## इजरायल ने आतंकवादी समूह हमास के ठिकानों को बनाया निशाना

# गाजा पर छह घंटे बरसे बम, 326 लोगों की मौत

## 440 से अधिक घायल, आईडीएफ की बड़े आक्रमण की घोषणा

## बंधकों के परिवार चिंतित, पीएम नेतन्याहू से मिलने की मांग

**गाजा पट्टी (हि.स.)**

इजरायल ने मंगलवार तड़के गाजा पर किए गए आक्रमण में आतंकवादी समूह हमास के ठिकानों और दहशतगर्दों को निशाना बनाया। इजरायल के सुरक्षा बलों ने करीब छह घंटे तक भीषण बमबारी की। इस हमले में कम से कम 326 लोगों की मौत हो गई। बमबारी से तमाम घर जमींदोज हो गए हैं। मलबे में दर्जनों लोगों के फंसे होने की आशंका है। इजरायल ने लक्षित क्षेत्र के नागरिकों को तत्काल अन्यत्र जाने की चेतावनी दी है। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि गाजा पर इजरायल के भीषण हमले में कम से कम 326 लोगों की जान चली गई। अभी भी तमाम लोग मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने के प्रयास जारी हैं। मंत्रालय का कहना है कि हमले में 440 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की स्थिति बहुत गंभीर हैं।

इस आक्रमण ने इजरायली बंधकों के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। परिवार के सदस्यों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य अधिकारियों से मिलने की मांग की है। बंधकों और लापता परिवारों के फोरम ने कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री यह गारंटी दें कि हमास बंधकों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इससे पहले सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने कुल 251 लोगों को इजरायल से अगवा किया था। इजरायली सरकारी प्रेस कार्यालय के अनुसार, गाजा में बचे 59 बंधकों में से आधे से भी कम जीवित हैं। इजरायली सेना ने गाजा में बड़े आक्रमण की घोषणा की है और कई इलाकों में नागरिकों को बाहर निकलने का आदेश दिया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में यह आदेश दिया है। पोस्ट में गाजा का एक नक्शा भी दिखाया गया था, जिसमें एन्क्लेव के इलाकों के बड़े हिस्से को लाल रंग से रंगा गया है। उन्होंने निवासियों से पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में आश्रयों में जाने का आग्रह किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने गाजा पर व्यापक और घातक इजरायली हवाई हमले पर चिंता व्यक्त की है। बीजिंग ने इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की वापसी का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि चीन मौजूदा स्थिति को लेकर बेहद चिंतित है।



### अस्पतालों में नहीं बची जगह घायलो की संख्या में वृद्धि

गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के मोहम्मद अबू सल्मिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में असमर्थ हैं। ऑपरेटिंग रूम पूरी तरह से भरे हुए हैं और घायलों को बिस्तर नहीं मिल पा रहा है। इस हमले ने पहले से ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी से जूझ रही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को झटका दिया है। एक अन्य अस्पताल की डॉक्टर ने कहा कि मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं।

# नींद नहीं आने का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है खराब असर

**ब्यूरो**



● घबराहट, गुस्सा आने अवसाद ग्रस्त होने से मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है

**नई दिल्ली।** इन दिनों लगभग हर किसी के स्क्रीन पर समय के साथ-साथ खानपान में भी बदलाव हो गया है। जिसका असर नींद पर पड़ रहा है। देर रात तक फोन चलाने की आदत ने भी नींद पैटर्न को प्रभावित किया है। जिसके चलते मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आ रही हैं, इसका खुलासा अमेरिका के स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुई एक नई शोध से हुई है। इसके अनुसार जो लोग रात में देर तक जगे रहते हैं , उनकी मेंटल हेल्थ पर तो सबसे ज्यादा नुकसान हो ही रहा है, उनके संपूर्ण स्वास्थ पर भी इसका खराब असर पड़ रहा है।शोध से यह सामने आया है कि जब हम पूरी नींद नहीं लेते, तो मस्तिष्क का सही तरीके से काम करना प्रभावित होता है। इससे चिंता, डिप्रेशन, तनाव और याददाश्त की समस्या जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, लंबे समय तक नींद की कमी से मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में असंतुलन भी हो सकता है, जो मानसिक स्थिति को और भी बिगाड़ सकता है।

इस शोध के दौरान प्रतिभागियों को 3 श्रेणी में बांटा गया, जिसमें लगभग 75 हजार लोगों के स्लीप पैटर्न पर नजर रखी गई। पहली कैटेगरी में जल्दी सोने वाले, दूसरी में सही टाइम पर सोने वाले और तीसरी कैटेगरी में लेट सोने वालों को शामिल किया गया। शोध में पाया गया कि इन तीनों कैटेगरी के लोगों की मेंटल हेल्थ पर अलग-अलग असर देखा गया।मेंटल हेल्थ फाउंडेशन के अनुसार, हर व्यक्ति को अपनी नींद की क्वालिटी पर काम करना चाहिए। इसके साथ ही नींद नहीं आने और देर रात तक जागने के कारणों को पहचानना पड़ेगा। इसके बाद अच्छी नींद के लिए काम करना चाहिए। अच्छी नींद के लिए चार फैक्टर जिम्मेदार होते हैं। इनमें सुधार कर अच्छी नींद पाई जा सकती है। बेडरूम में टीवी या रेडियो जैसी चीजें नहीं रखनी चाहिए। इनके कारण आपकी नींद बाधित होती है। साथ ही रात में फोन से दूरी बनानी चाहिए। शोध में पाया गया कि जो लोग रात में देर से सोते हैं या देर तक जगे रहते हैं, उनमें मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसमें घबड़ाहट, ग़ुस्सा व अवसाद भी शामिल है। इसलिए आपको रात में जल्दी सोने की आदत डालने के लिए रात में हल्का खाना खाना चाहिए व अंधेरे कमरे में सोना चाहिए।

## अक्षरधाम मंदिर पहुंचे पीएम लक्सन

# न्यूजीलैंड के लिए हिंदू समुदाय के योगदान को सराहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने 16-20 मार्च तक भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। लक्सन ने एक्स पर लिखा, "न्यूजीलैंड के हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। आज दिल्ली में, मैंने कई कीवी-हिंदुओं के लिए पवित्र स्थान - बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में नमन किया। सोमवार शाम को न्यूजीलैंड के नेता ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के बाद प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के साथ राजधानी में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया। लक्सन ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मैंने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया, जो गहरी आस्था और इतिहास का स्थान है।

# ईडी ने जॉर्ज सोरोस से जुड़ी संस्थाओं पर की कार्रवाई, बेंगलुरु में आठ जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जॉर्ज सोरोस द्वारा



